दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...

रोजाना 5 मिनट का ध्यान जीवन ...8

बलरामपुर
मंगलवार ,24 फरवरी 2026
वर्ष: 05 अंक : 143 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

# एआई की दुनिया में भारत का डंका!

## पीएम मोदी बोले– भारतीय युवाओं का सामर्थ्य पूरी मानवता के काम आएगा, दिल्ली घोषणा पत्र ने रचा इतिहास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की युवा प्रतिभाओं के सामर्थ्य को अब पूरी दुनिया ने पहचान लिया है। पिछले सप्ताह दिल्ली में संपन्न हुए इस शिखर सम्मेलन ने न केवल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत की, बल्कि एआई के भविष्य को लेकर एक नई वैश्विक दिशा भी तय की है। पिछले सप्ताह नयी दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन का समापन 'एआई इम्पैक्ट' पर नयी दिल्ली घोषणा पत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक सहयोग में मील का पत्थर है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य की जमकर सराहना की है। इससे पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को लेकर हमारे युवा साथियों की सोच पूरी मानवता के बहुत



काम आने वाली है।" राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर 89 देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जो आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गी पॉहमेलॉ सहित दुनिया भर के नेता और कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेई प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो भी शामिल हुए। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की विषय वस्तु पर आधारित इस शिखर सम्मेलन को भारत को एआई के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक ऐसे भविष्य की कल्पना की गई जिसमें एआई मानवता को आगे बढ़ाए, समावेशी विकास को बढ़ावा दे और पृथ्वी के हितों की रक्षा करने में मदद करे।

# सिंगापुर में योगी–योगी के नारे

## सीएम योगी बोले- बना रहता है माता और मातृभूमि का कर्ज

सिंगापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के दौरान सोमवार को भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। योगी–योगी के नारों के बीच उन्होंने लोगों को भारत और भारतीयता से परिचित कराया। "भगवा परिधान" में सनातन संस्कृति की विदेश में अलख जगा रहे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माता और मातृभूमि का कर्ज बना रहता है। पहली बार विदेश दौरे पर भगवा वस्त्र पहनकर जाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे में अपना परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि भारत में जन्म लेना गर्व की बात है। भारत के बारे में 5,000 वर्ष पहले हमारे एक ऋषि ने कहा था कि दुर्लभं भारते जन्म मानुष्यं




तत्र दुर्लभम्, यानी भारत में जन्म लेना दुर्लभ है और उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना३। आप सबको इस बात पर गर्व की अनुभूति होगी कि आपने या आपके किसी पूर्वज ने भारत की धरती पर जन्म लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा दायित्व है कि जिस धरती पर हम रहते हैं, उस धरती के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करें। इसके साथ ही जिस मातृभूमि से हमारे पूर्वजों का संबंध रहा है, उसके प्रति भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सदैव डटकर कार्य करें तो सचमुच इससे एक नई प्रेरणा प्राप्त होगी। हम सबको इस बात पर गर्व की अनुभूति होती है कि श्नया भारतश आज दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है। नए भारत पर हर भारतवासी को गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिल्ली में ।ِ प्उचंबज ैनउउपज में शामिल होने वाले सौ से अधिक देशों ने भारत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश की पहचान बदल चुकी है। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है और नौ वर्ष में यूपी की अर्थव्यवस्था तीन गुणा हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है। इसको विकास की पटरी पर सरपट दौड़ाने के लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से भेदभाव करने वाले प्रयागराज में कुंभ और माघ मेला के दौरान संगम पर होने वाली भीड़ को देख लें। इससे पहले सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए उनका औपचारिक स्वागत किया है। प्रधानमंत्री वोंग ने सोशल मीडिया पर कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की तीसरी सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्था है और देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में शामिल है।

## एलओसी पर पाकिस्तानी गुब्बारों का करेंसी वाला खेल, जम्मू के अखनूर में मिले नोटों से एजेंसियां अलर्ट




श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर पुलिस ने बताया कि सोमवार को जम्मू के पास अखनूर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (स्वब) के पास दो गुब्बारे मिले, जिन पर पाकिस्तान का 5,000 रुपये का नोट और एक **US** डॉलर लगा हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, हवाई जहाज के आकार के सफेद और लाल गुब्बारे खौर बॉर्डर बेल्ट के पास गुनारा गांव में एक पेड़ में उलझे हुए मिले। गुब्बारों पर पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और **QR** कोड लिखा था: उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि गुब्बारों पर पाकिस्तानी मोबाइल नंबर और फत कोड लिखा था और ये पाकिस्तान की तरफ से इंटरनेशनल बॉर्डर पार करके आए हैं। सिक्योरिटी एजेंसियों ने गुब्बारों के पीछे का मकसद पता लगाने और यह वेरिफाई करने के लिए जांच शुरू कर दी है कि उनके पास मिली करेंसी असली है या नकली। जम्मू और कश्मीर पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि अभी और जानकारी का इंतजार है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से 16 लाल गुब्बारे जब्त किए

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से आए 16 लाल गुब्बारे जब्त किए और सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में खेतों में गिरे। एक अलग घटना में उसी शाम, राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के धारियाला जंगल इलाके से एक जंग लगा ग्रेनेड बरामद हुआ। कई बार, राजौरी और पुंछ जिलों में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास भी ऐसी संदिग्ध चीजें मिली हैं। गुब्बारों के अलावा, पाकिस्तानी सेना की मदद से बॉर्डर पार से काम करने वाले आतंकी संगठनों ने जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद को सपोर्ट करने के लिए हथियार, ड्रग्स और कैश ले जाने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया है। कई मामलों में ये ड्रोन जमीन पर ही बरामद हुए हैं, इससे पहले कि आतंकवादी या ओवरग्राउंड वर्कर उनके पेलोड उठा पाते।

## पॉस्को के आरोपों पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का पहला Reaction, सरकार से नहीं डरते, पुलिस का करेंगे सहयोग

लखनऊ। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को अपने खिलाफ दर्ज पॉस्को अधिनियम के तहत मामले को सरकार की एक चाल बताया, जिसका मकसद गौहत्या पर प्रतिबंध की मांग से ध्यान भटकाना है। एएनआई से बात करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकार पर शंकराचार्यों पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि कथित पॉस्को मामले में अन्य आरोपियों का उनके गुरुकुल से कोई संबंध नहीं है। धार्मिक नेता ने कहा कि हम समय–समय पर जनता से मिलते हैं। यह सरकार चाहती है कि हम ही धार्मिक नेता और सरकार दोनों बनें। देश में चार शंकराचार्य हैं जिन्होंने हमेशा सनातन धर्म की रक्षा की है। अब उन्होंने उन पर हमला करना शुरू



कर दिया है। सत्य कभी खत्म नहीं होताय वह हमेशा बना रहता है। गौहत्या पर प्रतिबंध की आवाज उठाई जा चुकी है, और हम इसे और भी बुलंद करते रहेंगे। ये लोग जनता का ध्यान किसी और चीज की ओर भटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोग गायों की रक्षा चाहते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्यों से मिलकर हम गौ माता की रक्षा के लिए यह आंदोलन चला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन छात्रों की चर्चा हो रही है, वे हमारे गुरुकुल के नहीं हैं। आज सुबह उत्तर प्रदेश पुलिस स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आवास पर कथित यौन उत्पीड़न के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वामी ने कहा कि वे पुलिस का किसी भी तरह से विरोध नहीं करेंगे और उनके साथ सहयोग करेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पत्रकारों से कहा कि हम पुलिस का किसी भी तरह से विरोध नहीं करेंगेय हम उनके साथ सहयोग करेंगे। पुलिस जो भी करे, जनता सब कुछ देख रही है। देखिए, हमारे लिए तीन अदालतें हैं। एक निचली अदालत, एक मध्य अदालत और एक सर्वोच्च अदालत। निचली अदालत जनता है – लोग सब कुछ देख रहे हैं और वही फैसला सुनाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्य अदालत हमारी अंतरात्मा है – हम अपने दिल में जानते हैं कि हम सही हैं या गलत। और तीसरी है भगवान, सर्वोच्च अदालत – वह भी देख रहे हैं कि कौन गलत है और कौन सही। इसलिए ऐसी स्थिति में, हमें तीनों अदालतों से क्लीन चिट मिली हुई है। उन्होंने आगे कहा कि तो, जब वे कभी यहाँ आए ही नहीं और इस जगह से उनका कोई लेना–देना नहीं है, तो कोई उनके खिलाफ कुछ कैसे कर सकता है? और तीसरी बात, वे यह कहकर भ्रम फैला रहे हैं कि श्एक सीडी हैश, तो इसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है? ये सभी सवाल आने वाले दिनों में पूछे जाएंगे और उन्हें इनका जवाब देना होगा।

## भारतीय डाक के पास 38 करोड़ बचत खातों में 22 लाख करोड़ रुपये: ज्योतिरादित्य सिंधिया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारतीय डाक के पास लगभग 38 करोड़ बचत खाते हैं, जिनमें 22 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है। सुकन्या समृद्धि योजना से बचे 3.8 करोड़ रुपये: सिंधिया ने बताया, भारतीय डाक में सुकन्या समृद्धि योजना के 3.8 करोड़ खाते हैं, जिनमें 2.27 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। सुकन्या समृद्धि योजना एक सरकारी बचत योजना है, जो लड़कियों के माता–पिता के लिए बनाई गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के जरिये वे अपनी बेटी की पढ़ाई और भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं।

## रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी से 2.52 करोड़ की ठगी

ग्वालियर। मध्य प्रदेश में साइबर अपराधियों ने ठगी का ऐसा जाल बुना कि 89 वर्षीय सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी और उनकी पत्नी 24 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर मानसिक कैद में रहे। खुद को ब्ठप् अधिकारी बताने वाले ठगों ने ऑनलाइन फर्जी कोर्ट लगाकर बुजुर्ग दंपती से 2 करोड़ 52 लाख 16 हजार रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। मामले में ग्वालियर क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित नारायण महादेव टिकेकर के अनुसार, 28 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आया।

# कौन होगा इंडिया ब्लॉक का नेता?

## मणि शंकर अय्यर ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर उठाए गंभीर सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए उनसे इंडिया ब्लॉक के नेता पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया है। अय्यर ने ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, एम.के. स्टालिन और तेजस्वी यादव सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं के नाम गांधी के बाद यह भूमिका संभालने के संभावित उम्मीदवारों के रूप में सुझाए। कांग्रेस पार्टी की हालिया चुनावी हार का जिक्र करते हुए उन्होंने जोर दिया कि ये नेता गठबंधन को मजबूत करने और सुदृढ़ बनाने के लिए अधिक समय दे सकते हैं। अय्यर ने कहा कि हम इतने अक्षम थे कि हमने ममता बनर्जी को दूर रखा, और इसी वजह से कांग्रेस कमजोर हुई। मुझे उम्मीद है कि राहुल गांधी इस पद को अपने पास रखने की कोशिश करने के बजाय क्षेत्रीय पार्टी नेताओंकृचाहे वह स्टालिन हों,



ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों या कोई औरकृको कमान संभालने देंगे। शायद वे ज्यादा समय दे पाएंगे। उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने कहा कि केवल राहुल गांधी ही इंडिया ब्लॉक का प्रभावी नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल राहुल गांधी ही भाजपा को टक्कर दे सकते हैं। यह पहली बार नहीं है जब मणि शंकर अय्यर ने कांग्रेस के प्रति आलोचनात्मक रुख अपनाया है। इससे पहले भी उन्होंने कहा था कि पिनारयी विजयन केरल के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका बरकरार रखने के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। उनकी ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब कांग्रेस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अय्यर ने यह टिप्पणी श्विजन 2031रू विकास और लोकतंत्रश शीर्षक वाले अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोलते हुए की, जिसका उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन ने किया। उन्होंने विजयन की प्रशंसा की और सुझाव दिया कि पंचायती राज व्यवस्था में केरल की स्थिति को मजबूत करने के लिए संशोधन किए जाने चाहिए।

## एचएएल ने तेजस के क्रैश की खबरों को बताया अफवाह

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कई मीडिया रिपोर्ट्स में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के क्रैश होने की बात कही गई थी, जिसके बाद ऑफिशियल सफाई जारी की है। एचएएल ने साफ कहा है कि एयरक्राफ्ट से जुड़ा कोई क्रैश नहीं हुआ था। असल में क्या हुआ था?: एचएएल के मुताबिक, यह घटना एक छोटी सी टेक्निकल दिक्कत थी जो तब हुई जब एयरक्राफ्ट जमीन पर था। यह हवा में हुआ एक्सीडेंट नहीं था। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इंडियन एयर फोर्स के तेजस एयरक्राफ्ट को एक ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान ब्रेक फेल होने की शक की वजह से एक फ्रंटलाइन एयरबेस पर रनवे से आगे निकल जाने के बाद एयरफ्रेम को बड़ा नुकसान हुआ था। यह भी बताया गया था कि पायलट सुरक्षित रूप से इजेक्ट हो गया था। हालांकि, एचएएल ने साफ किया कि यह कोई क्रैश नहीं था और इसे जमीन से जुड़ा एक लिमिटेड टेक्निकल मामला बताया। एचएएल ने जोर देकर कहा कि स्ब। तेजस का मॉडर्न फाइटर एयरक्राफ्ट में दुनिया के सबसे अच्छे सेफ्टी रिकॉर्ड में से एक है। कंपनी ने भरोसा दिलाया कि एयरक्राफ्ट के सेफ्टी स्टैंडर्ड ऊंचे बने हुए हैं।

## दिल्ली में फर्जी बम की धमकी से हड़कंप, मेट्रो से लाल किले तक कड़ी की गई सुरक्षा

नयी दिल्ली। ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली भर के सभी मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सचिवालय, दिल्ली विधानसभा, लाल किला और दो स्कूलों सहित कई संस्थानों को सोमवार को बम से संबंधित धमकी वाले ईमेल मिले और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक तलाशी के बाद इन्हें फर्जी घोषित कर दिया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारी साइबर टीमें उन आईपी एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं जिनका इस्तेमाल करके कुछ बदमाश बम से संबंधित धमकी दे रहे हैं। ऐसे अपराधी पुलिस जांच को गुमराह करने के लिए 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) का उपयोग करके ईमेल भेज रहे हैं। लेकिन हमारे विशेषज्ञ आरोपियों का पता लगा लेंगे। अधिकारी ने कहा कि बम की धमकियां मिलने के बाद पुलिस ने दिल्ली मेट्रो स्टेशनों सहित सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान लिखा था और कहा गया था कि अगले तीन दिनों में दिल्ली आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों में विस्फोट होंगे। उनके मुताबिक, इस ईमेल में दावा किया गया था कि दोपहर 1रू11 बजे दिल्ली आर्मी पब्लिक स्कूल, दोपहर 3रू11 बजे विधानसभा और सुबह 9रू11 बजे लाल किले में विस्फोट होगा। धमकी भरे ई–मेल में मेट्रो सेवाओं का विशेष रूप से उल्लेख होने के बाद, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर सुरक्षा तैनाती



बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारी ने कहा, पूरे शहर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी मेट्रो स्टेशनों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। विध्वंसक गतिविधियों को रोकने के लिए जांच और औचक तलाशी भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि लाल किला, दिल्ली सचिवालय और विधानसभा परिसर सहित संवेदनशील स्थानों पर बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीमें तैनात की गई हैं। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए दिल्ली मेट्रो और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित की गईं। उन्होंने कहा, हमने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपने समकक्षों से अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले मेट्रो स्टेशनों पर भी सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। निगरानी बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी निगरानी तेज कर दी गई है। अधिकारी ने कहा कि साइबर टीमें ईमेल के स्रोत का पता लगाने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए काम कर रही हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने बताया कि जिन स्थानों पर खतरा था, वहां गहन तलाशी ली गई और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। हालांकि, एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाएगी।

## कर्नाटक कैबिनेट विस्तार से पहले कांग्रेस में घमासान

नई दिल्ली। कर्नाटक कांग्रेस के 31 नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल में नए और युवा चेहरों को शामिल करने का आग्रह किया है और इसे समय की आवश्यकता बताया है। राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित वरिष्ठ नेताओं को संबोधित इस पत्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा के बीच नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंत्री पद की मांग की गई है। हस्ताक्षरकर्ताओं में मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा गनिगा, विराजपेट विधायक ए.एस. पोन्नन्ना और पावागड़ा विधायक एच.वी. वेंकटेश सहित अन्य विधायक शामिल हैं। पत्र में विधायकों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सिद्धारमैया के नेतृत्व में 34 सदस्यीय मंत्रिमंडल के गठन के समय, कांग्रेस को निर्णायक जनादेश मिलने के बावजूद, किसी भी नव निर्वाचित विधायक को मंत्री पद नहीं दिया गया। पत्र में कहा गया है कि यह समय की मांग है कि युवा, ऊर्जावान और सक्रिय नव निर्वाचित विधायकों को मंत्रिमंडल में मंत्री पद प्राप्त करने का अवसर दिया जाए।

# निखरेगी बुनियादी शिक्षा, डाइट में 100 शिक्षकों को मिला डिजिटल प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर/बांसी।** जनपद में बुनियादी शिक्षा






को तकनीक और स्मार्ट क्लास के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बांसी में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में परिषदीय स्कूलों के 100 शिक्षकों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन का गहन प्रशिक्षण दिया गया। सरकार के लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक विद्यालय को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की मुहिम के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के नोडल प्रभारी श्री सतीश कुमार धवन (प्रवक्ता, डाइट बांसी) ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आईसीटी लैब के प्रभावी उपयोग, स्मार्ट क्लास के माध्यम से रोचक शिक्षण और ई–कंटेंट निर्माण में पारंगत करना है। उन्होंने जोर दिया कि अब विद्यालयों में बच्चे आधुनिक और सहभागी वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। अनुभवी प्रशिक्षकों ने दी जानकारी कार्यशाला के दौरान मास्टर ट्रेनर बृज किशोर तिवारी, वैभव श्रीवास्तव एवं अविनाश मौर्य ने शिक्षकों को डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष फोकस किया।

## प्रमुख उपस्थिति

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय कुमार पाण्डेय,नीरज प्रताप सिंह, राजकिशोर , विद्या भूषण, राकेश श्रीवास्तव, राजेश कुमार, कुतुबल्लाह, अच्छेबर धनंजय मिश्र, अजय त्रिपाठी, लाल बहादुर, उमेश चंद्र सहित जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए कुल 100 शिक्षक उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण उपरांत डिजिटल शिक्षा को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया गया।

# जिलाधिकारी ने पकड़ी में निर्माणाधीन पार्क का किया निरीक्षण, गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा एन ने नगर पालिका सिद्धार्थनगर के अंतर्गत पकड़ी में बन रहे नए पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को सख्त लहजे में हिदायत दी कि पार्क का समस्त निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा पार्क पार्क को स्थानीय नागरिकों के लिए और अधिक उपयोगी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने निम्नलिखित निर्देश दिए बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए जाएं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को देखते हुए पार्क में एक्सरसाइज उपकरण (ओपन जिम) की व्यवस्था की जाए। घ्इस अवसर पर नगर पालिका सिद्धार्थनगर के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, संबंधित जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रू19.97 करोड़ की लागत से तैयार हो रही क्रिटिकल केयर यूनिट का DM ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश





**सिद्धार्थनगर।** 23 फरवरी 2026 स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने आज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा किया। यहाँ निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट के कार्यों का निरीक्षण कर उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। 90 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा, बजट की हुई समीक्षा निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एस्टीमेट का बारीकी से अध्ययन किया और सभी कमरों का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण 1997. 24 लाख रुपये की कुल धनराशि से किया जा रहा है। घ्धनराशि की कमी और क्ड के निर्देश निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि परियोजना की तृतीय किश्त (थर्ड इंस्टॉलमेंट) अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। इस पर घ्विभाग जल्द से जल्द तृतीय किश्त की डिमांड प्रेषित करे ताकि कार्य न रुके। शेष 10 प्रतिशत कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ और समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए।

## मौके पर उपस्थित अधिकारी

इस निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया और कार्यदायी संस्था के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी पशुचर भूमि पर कब्जा और पेड़ों की अवैध कटान, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के इटवा तहसील अंतर्गत ग्राम खैराखास में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर भू–माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खैराखास के निवासी कमलेश पुत्र संतीराम ने गाँव के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर प्रशासन को शिकायत सौंपी है। प्रार्थना पत्र के अनुसार अवैध कब्जा ग्राम सभा की गाटा संख्या 7 (जो पशुचर यानी चारागाह के लिए सुरक्षित है) और श्गाटा संख्या 9 पर अवैध तरीके से मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है। पेड़ों की कटान आरोप है कि विपक्षी अखिलेश्वर पुत्र गोपीनाथ ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चारागाह की भूमि पर लगे लगभग 22 कीमती अर्जुन के पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया और उन्हें वहां से गायब कर दिया। दबंगई और धमकी ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी भरने का काम रात के अंधेरे में चोरी–छिपे किया गया। जब सुबह ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी मारपीट और फौजदारी पर उतारू हो गए। उन्होंने खुलेआम धमकी दी कि वे पूरी भूमि पर कब्जा कर लेंगे और प्रशासन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।



## ग्रामीणों ने एकजुट होकर की शिकायत

इस मामले को लेकर पूरे गाँव में गहरा रोष है। शिकायत पत्र के साथ संलग्न सूची में दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान हैं, जो यह दर्शाते हैं कि ग्रामीण इस अवैध कब्जे के खिलाफ लामबंद हैं। ग्रामीणों ने साक्ष्य के तौर पर कटे हुए पेड़ों की तस्वीरें भी प्रशासन को सौंपी हैं।

## प्रशासन से मुख्य मांगें

उपजिलाधिकारी इटवा को आदेशित कर तत्काल मिट्टी पटान का कार्य रुकवाया जाए। पेड़ों की अवैध कटान के मामले में आरोपी अखिलेश्वर के खिलाफ (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज की जाए। सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# यादव लव स्टोरी फिल्म पर विवाद, समाज ने की प्रतिबंध और कानूनी कार्रवाई की माँग

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।**




सिद्धार्थनगर जिले में फिल्म यादव लव स्टोरी को लेकर विरोध के सुर तेज हो गए हैं। स्थानीय समस्त यादव समाज ने फिल्म के कंटेंट पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे समाज में नफरत फैलाने वाला बताया है। इस संबंध में महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया है। पत्र के अनुसार, फिल्म का निर्देशन मृदुल तिवारी और प्रगति तिवारी द्वारा किया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह फिल्म समाज में विद्वेष (आपसी रंजिश) पैदा करने और भाईचारे को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से बनाई गई है। प्रमुख माँगें ज्ञापन में हस्ताक्षरित लोगों ने प्रशासन से निम्नलिखित माँगें की हैं। फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध फिल्म के प्रदर्शन को समाज की शांति भंग होने के डर से तुरंत रोका जाए। घ्फिल्म निर्माताओं पर एफआईआर समाज में नफरत फैलाने की साजिश के आरोप में फिल्म निर्माताओं के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए।

## सामूहिक विरोध

इस पत्र पर सुभाष यादव, सुनील यादव पहलवान, और मुकेश यादव समेत करीब 30 से अधिक लोगों के हस्ताक्षर और नाम दर्ज हैं। समाज का कहना है कि वे ऐसी किसी भी फिल्म या कला का समर्थन नहीं करेंगे जो किसी विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाती हो या सामाजिक ताने–बाने को बिगाड़ती हो।

# मेडिकल कॉलेज में रू17.78 करोड़ की लागत से बन रहा गर्ल्स हॉस्टल, डीएम ने परखी निर्माण की गुणवत्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश





**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने आज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा किया। यहाँ एमबीबीएस की छात्राओं के लिए निर्माणाधीन 200 बेडेड गर्ल्स हॉस्टल के कार्यों का उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की। घ्निर्माण कार्य का विवरण और लागत निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना के एस्टीमेट (प्राक्कलन) का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इस भव्य हॉस्टल का निर्माण 1778.83 लाख रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। मौके पर प्लिंथ बीम की ढलाई का कार्य चलता हुआ पाया गया। समय और गुणवत्ता का कड़ा संदेश जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण की रफ्तार बढ़ाई जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए। निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। अधिकारियों की उपस्थिति निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, कार्यदायी संस्था के वरिष्ठ अधिकारी और मेडिकल कॉलेज के अन्य जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकारी पशुचर भूमि पर कब्जा और पेड़ों की अवैध कटान, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के इटवा तहसील अंतर्गत ग्राम खैराखास में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर भू–माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खैराखास के निवासी कमलेश पुत्र संतीराम ने गाँव के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर प्रशासन को शिकायत सौंपी है। प्रार्थना अवैध कब्जा ग्राम सभा की गाटा संख्या 7 (जो पशुचर यानी चारागाह के लिए सुरक्षित है) और गाटा संख्या 9 पर अवैध तरीके से मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है। पेड़ों की कटान आरोप है कि विपक्षी अखिलेश्वर पुत्र गोपीनाथ ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चारागाह की भूमि पर लगे लगभग 22 कीमती अर्जुन के पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया और उन्हें वहां से गायब कर दिया। दबंगई और धमकी ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी भरने का काम रात के अंधेरे में चोरी–छिपे किया गया। जब सुबह ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी मारपीट और फौजदारी पर उता हो गए। उन्होंने खुलेआम धमकी दी कि वे पूरी भूमि पर कब्जा कर लेंगे और प्रशासन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। इस मामले को लेकर पूरे गाँव में गहरा रोष है। शिकायत पत्र के साथ संलग्न सूची में दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान हैं, जो यह दर्शाते हैं कि ग्रामीण इस अवैध कब्जे के खिलाफ लामबंद हैं। ग्रामीणों ने साक्ष्य के तौर पर कटे हुए पेड़ों की तस्वीरें भी प्रशासन को सौंपी हैं। उपजिलाधिकारी इटवा को आदेशित कर तत्काल मिट्टी पटान का कार्य रुकवाया जाए। घ्पेड़ों की अवैध कटान के मामले में आरोपी अखिलेश्वर के खिलाफ (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज की जाए। घ्सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।




# टीएफआई के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

दैनिक बुद्ध का संदेश






**सिद्धार्थनगर।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (टीएफआई) के आह्वान पर वर्ष 2010 से नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता लागू किए जाने के विरोध में सोमवार को जिले के शिक्षकों ने अपने बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षकों ने इसे शांतिपूर्ण विरोध का प्रतीक बताते हुए सरकार से निस्तारण की मांग किया। शिक्षकों का कहना है कि वर्ष 2010 से पूर्व कार्यरत शिक्षकों पर पुनः टीईटी अनिवार्यता थोपना न्यायोचित नहीं है। उनका तर्क है कि वे लंबे समय से विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और विद्यार्थियों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। नियुक्ति के समय जो पात्रता निर्धारित थी उसे पूर्ण कर ही सेवा में आए हैं। ऐसे में नई अनिवार्यता से उनके सेवा अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए निर्णय के अनुसार प्रथम चरण में डिजिटल प्लेटफार्म पर अभियान चलाया गया। अब 25 फरवरी तक शिक्षक अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। उसके बाद जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे भी चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को 20–20 साल की सजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने दो आरोपितों को दोषी करार देते हुए 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय के इस फैसले से पीड़िता को न्याय मिला है, वहीं दोषियों में कानून का भय बढ़ा है। थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम जीतपुर निवासी शकील पुत्र नसीम तथा शाकिर उर्फ शकीरा उर्फ शकीर पुत्र अकबर अली के विरुद्ध वर्ष 2015 में नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार की अदालत में चल रही थी। सोमवार को न्यायालय ने दोनों आरोपितों को धारा 376(डी) भादवि व पॉक्सो एक्ट के तहत 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व 50–50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 366 के तहत पांच–पांच वर्ष के कठोर कारावास व 10–10 हजार रुपये तथा धारा 363 के तहत तीन–तीन वर्ष के कठोर कारावास व पांच–पांच हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक ने प्रभावी पैरवी की। वहीं जिला मॉनिटरिंग सेल व थाना शोहरतगढ़ पुलिस की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत गंभीर अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई जारी है।

# क्रिकेट कोच अनिकेत उपाध्याय के नाम एक और उपलब्धि

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** कोच अनिकेत उपाध्याय ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से रिप्रेजेंटेटिव (लेवल–2) कोच का सर्टिफिकेट हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। अनिकेत पहले से ही बीसीसीआई लेवल–1 कोच हैं और इस क्षेत्र में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं। अनिकेत की कोचिंग विचारधारा शब्दों के बजाय कार्यों में विश्वास करती है, और उन्होंने विजय यादव क्रिकेट एकेडमी द्वारा संचालित सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी के माध्यम से बस्ती जिले में एक अत्यधिक कुशल और सुसज्जित क्रिकेट इंफ्रास्ट्रैक्टर स्थापित किया है। अनिकेत ने चेतन शर्मा (अंडर–19 भारत), शिवांश शर्मा (जे एंड के रणजी ट्रॉफी एवं कप्तान अंडर –23 जे एंड के), अहान पोद्दार (गुजरात विजय हजारे एवं कप्तान अंडर 23 गुजरात), आंजनेय सूर्यवंशी (उत्तराखंड रणजी ट्रॉफी) ऋषिव जोशी (कनाडा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी), राहुल तेवतिया (भारतीय एवं आईपीएल खिलाड़ी) जैसे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और विकसित किया है। बस्ती में क्रिकेट एकेडमी संचालित करने के कारण, अनिकेत हमारे जिले में क्रिकेट की हर स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं, और अपने अनुभव और जुनून के साथ, वह बस्ती क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अनिकेत की इस उपलब्धि पर राजेन्द्रा हॉस्पिटल के निदेशक राजेन्द्र चौधरी, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक गजेंद्र नाथ तिवारी, अध्यक्ष मंडल क्रिकेट एसोसिएशन गोरखपुर शफीक सिद्दीकी एवं भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजय यादव एवं निदेशक सेंट जेवियर्स स्कूल बस्ती के राजीव कुमार ने उन्हें बधाई दी और बस्ती में क्रिकेट को विकसित करने के उनके इन प्रयासों की सराहना किया।





# स्वदेशी विज्ञान की नई उड़ान : विज्ञान पत्रिका क्षितिज विभा का उप-मुख्यमंत्री डॉ. बृजेश पाठक ने किया विमोचन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** स्वदेशी विज्ञान आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अवध विज्ञान भारती द्वारा प्रकाशित लोकप्रिय विज्ञान पत्रिका क्षितिज विभा के प्रवेशांक का भव्य विमोचन शनिवार को लखनऊ स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एन.बी.आर.आई) सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.बी.आर.आई. के निदेशक डॉ. ए. के. शासने ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, अमेठी के कुलपति डॉ. भृगुनाथ सिंह उपस्थित रहे। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान का सेतु उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि भारत सदियों से ज्ञान और विज्ञान की भूमि रहा है। उन्होंने कहा कि क्षितिज विभा प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु का कार्य करेगी तथा युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करेगी। उन्होंने विज्ञान भारती की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज युवाओं को वेद–उपनिषद और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर विज्ञान को समग्र दृष्टि से समझने की आवश्यकता है। विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि विज्ञान को प्रयोगशालाओं से निकालकर समाज और युवाओं तक पहुंचाना समय की मांग है। उन्होंने क्षितिज विभा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह पत्रिका छात्रों और शोधार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करेगी। पत्रिका के प्रधान संपादक प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. चन्द्र मोहन नौटियाल ने बताया कि क्षितिज विभा भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर आधारित है। इसका उद्देश्य आम जन में वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा अवध क्षेत्र के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है।विज्ञान के विविध आयामों पर लेख प्रवेशांक में क्वांटम विज्ञान, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष तकनीक, जलवायु परिवर्तन, भू–विरासत, आचार्य नागार्जुन जैसे विषयों पर शोधपरक लेख शामिल किए गए हैं। पत्रिका भविष्य में ऊर्जा संकट, कृत्रिम मेधा और पर्यावरणीय चुनौतियों पर भारतीय दृष्टिकोण को भी प्रमुखता देगी। इस अवसर पर देश के अनेक वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधार्थी और विज्ञान प्रेमी के साथ साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय,जखौली, डुमरियागंज के शिक्षक अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने स्वदेशी विज्ञान आंदोलन को नई गति देने और भारतीय वैज्ञानिक परंपरा को जनमानस तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया।







# स्कूल रेडिनस फेस– 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**पयागपुर/बहराइच।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर बहराइच में स्कूल रेडिनस फेस– 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डाइट आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय को – लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र /बाल वाटिका में स्कूल रेडनेस फेज – 1 के संचालन में एक दिवसीय नोडल संकुल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को आशीष कुमार प्रवक्ता डायट, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने जनपद स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रदीप वर्मा तथा गोविंद किशोर प्रवक्ता डाइट ने किया। डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बाल वाटिका स्कूल रेडिनस क्या है इसके नियम तथा दैनिक साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रशिक्षण में जनपद के प्रत्येक न्याय पंचायत से एक – एक शिक्षक को नोडल बनाया गया है। जिनके साथ में सुपरवाइजर को भी प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल अपने न्याय पंचायत के शिक्षक तथा कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित करेंगे। स्कूल रेडिनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी, अभिषेक दीक्षित, राम मूर्ति शुक्ला, प्रभात सिंह, राकेश यादव, अतुल मिश्रा, सुपरवाइजर सपना मौर्या, लता मिश्रा आज शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।




# अंगद की तरह पांव जमाऐ बैठे कुछ सचिव पंचायती राज विभाग की मेहरबानी है या अनदेखी

दैनिक बुद्ध का संदेश

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** विकास खन्ड खुनियांव मे कुछ ऐसे सचिव है जो एक ही ब्लाक मे कई वर्षो से रामायण की अंगद की तरह पांव जमाऐ बैठे है और सहायक विकास अधिकारी व खन्ड विकास अधिकारी की इतनी नहीं चलती है जितना उस सचिव की चलती कही चंदा हो य फिर कोई प्रोग्राम व विज्ञापन व ग्राम पंचायत अस्तर के निविदा टेंडर सब कुछ ऐही तय करते है।जब से ऐ साहब टीके है। तब कई सचिवयो का इधर उधर कई अन्य ब्लाको मे ट्रांसफर हो चुका है लेकिन इन साहब का कोई बाल भी बांका नहीं कर सका ऐसा क्या खूबी है कि इन साहब को और ब्लाक नहीं मिलता है।इसे उच्च अधिकारियों की मेहरबानी कहे य अनदेखी और तो और सचिवों को 2 से तीन तीन क्लस्टर मिले आखिर किसके संरक्षण में फल–फूल रहा है कमीशन का खेल विकास खंड खुनियांव में पंचायती राज विभाग की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक तरफ प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति है, तो दूसरी तरफ खुनियांव ब्लॉक भ्रष्टाचार मे डूब रहा है। सचिवों पर किसकी मेहरबानी बरसाई जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि जिन सचिवों के विरुद्ध जांच और रिकवरी के आदेश जारी हैं, उन्हें ही सबसे अधिक क्लस्टरों का प्रभार सौंपकर पुरस्कृत किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ता का आरोप है कि ये वही एक सचिव है।पियुष पांडेय जो लगभग कई सालो से एक ही ब्लाक पर अंगद की तरह जमे हुए है पांच छः सालो से कई सचिवयों जिले मे अन्य ब्लाको मे ट्रांसफर हो चुके है। लेकिन इनके ऊपर कौन से अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है की इनका दूसरे ब्लाक मे ट्रांसफर क्यों नहीं हो रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर उच्चाधिकारी इन दागी चेहरों सचिवों पर इतने मेहरबान क्यों है। क्या साहब का संरक्षण मिल रहा है। या फिर बहुत पावरफुल है। क्षेत्र में यह चर्चा है कि सचिवों को जिला स्तरीय उच्चाधिकारियों का सीधा संरक्षण प्राप्त है। इस बहती गंगा में ऊपर से नीचे तक सबके हाथ रंगे है।आखिर किन मजबूरियों या साठगांठ के चलते इन सचिवयो का दुसरे ब्लाक मे ट्रांसफर क्यों नहीं कि जाता है।

# होली पर्व को लेकर चेतिया चौकी में हुई समन्वय बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** होली पर्व को लेकर सोमवार को थाना मिश्रौलिया के चेतिया चौकी के सम्भ्रांति लोगो के साथ समन्वय बैठक किया गया। सभी क्षेत्रवासियों से होली पर्व को शान्तिपूर्ण व्यवस्था में मनाया जाने की अपील की गई। मिश्रौलिया थाना प्रभारी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में चेतिया चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार चौहान पीस कमेटी की बैठक की गई। सभी प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेवारी दी गई कि अपने अपने क्षेत्र में जलूस पर नजर बनाये रखें और कोई बवाल न होने पायें। चेतिया प्रधान प्रतिनिधि मंगल सैनी, प्रधान प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, चन्द्रशेखर ने भी अपने क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था की जिम्मेवारी ली और सभी को अपने कर्तव्य निभाने की बात कही। क्षेत्रीय लोगों से अपील किया गया कि होली पर हुड़दंग न होने पायें। कहीं कोई दिक्कत आती है, तो स्वयं उस पर विवाद न करें।पुलिस को सूचना करें, कार्यवाही कर दी जायेगी। डीजे की आवाज को तीव्र आवाज न दें, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो। धर्मस्थलों से दूरी बनाकर होली मनायें। रमजान माह भी चल रहा है, दोनों पर्व एक साथ है। आपसी सौहार्द से ही पर्व मनायें। इस दौरान अशोक, पुल्लू बाबा, सुरेश यादव, घनश्याम चौरसिया, निजाम शेख, सन्तराम भारती, रामप्रकाश केवट सहित ग्राम प्रहरी शिवनाथ यादव, उमेश यादव सहित चेतिया चौकी क्षेत्र की समस्त ग्राम प्रहरी उपस्थित रहें।





# मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है उदेश्य– विवेकानंद मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। तहसील क्षेत्र के 85,805 मतदाताओं को नोटिस जारी कर 13 एआरओ/आरओ अधिकारियों द्वारा बीएलओ के सहयोग से उनका सत्यापन और निस्तारण किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,60,231 मतदाता पंजीकृत थे। प्रथम चरण में बीएलओ द्वारा 2,95,479 मतदाताओं का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। वहीं शेष 64,752 मतदाताओं के प्रपत्र अप्राप्य होने के कारण उनका नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्रवाई की गई है। मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं में 13,815 मृतक, 13,991 अनुपस्थित (एब्सेंट), 7,320 स्थायी रूप से स्थानांतरित (परमानेंटली शिफ्टेड) तथा 767 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। उपजिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि सत्यापित 2,95,479 मतदाताओं के सापेक्ष क्षेत्र के 40,543 मतदाताओं का मैपिंग नहीं हो पा रही थी और 45,262 मतदाताओं के विवरण में तार्किक विसंगतियां पाई गई हैं। इन सभी 85,805 मतदाताओं को एसआईआर नोटिस जारी कर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि आगामी चुनावों में केवल पात्र मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों व बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे नोटिसों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें।



# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी, मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** 23 फरवरी 2026 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नई दिल्ली) और उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (लखनऊ) के निर्देशानुसार, आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अरविन्द राय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्री–ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते के आधार पर निस्तारित करना था। पीठासीन अधिकारी अरविन्द राय ने अधिवक्तागण और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे ऐसे वादों को चिह्नित करें जिनमें निस्तारण की संभावनाएं हैं, ताकि लोक अदालत के दिन पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सके। प्री–ट्रायल बैठक के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया विवादित बिंदुओं और संभावित सेटलमेंट (समझौते) की संभावनाएं। बीमा कंपनियों के दायित्व और आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता। सौहार्दपूर्ण वातावरण में मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करना। बैठक में उपस्थित रहे प्रमुख सदस्य इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरुण कुमार–चतुर्थ, वरिष्ठ अधिवक्ता सम्पूर्णानन्द बक्शी, प्रमोद कुमार द्विवेदी, संजय कुमार दूबे, असगर अली, इम्तियाज अली, अजय कुमार यादव, राजीव पाठक समेत मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। अपील सचिव अरुण कुमार ने सभी संबंधित पक्षकारों और बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराएं।




# लेखपालों की बहुप्रतीक्षित एवं प्रमुख समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा शोहरतगढ़ के अध्यक्ष आशीष संगम के नेतृत्व में लेखपालों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्रा को ज्ञापन दिया। वहीं ज्ञापन में उ0प्र0 लेखपाल संघ उप शाखा शोहरतगढ़ द्वारा पूर्व में दिये ज्ञापन दिनांक 15–07–2025, 29–08–2025 एवं दिनांक 19/09/2025 के माध्यम से साथ ही विभिन्न मौखिक माध्यमों से कई बार समस्यओं के समाधान हेतु निवेदन किया था, परन्तु खेद है कि इनमें से अधिकांश समस्यायें अब तक अनसुलझी है। इस लम्बे विलम्ब के कारण न केवल लेखपालों का मनोबल टूट रहा है बल्कि सरकारी कार्यों, योजनाओं और जनसेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसके क्रम में आज सोमवार को उ0प्र0 लेखपाल संघ तहसील इकाई शोहरतगढ़ की पूर्व सूचना अनुसार मासिक बैठक दिन में 11रू00 बजे तहसील संघ भवन में तहसील अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यवाही प्रारम्भ की गई, जिसमें लेखपाल साथियों का कोरम पूर्ण रहा। वहीं सर्वप्रथम पूर्व में दिये गये ज्ञापन दिनांक 15–07–2025 व 29–08–2025 व दिनांक 19/09/2025 को पढ़ा गया तथा सदन में उपस्थित सदस्यों द्वारा चार साथियों पर चल रहे विभागीय कार्यवाही को समाप्त कराने और लगभग 10 लेखपालों के अकारण माह फरवरी का वेतन न रोके जाने सहित कई मांग किया गया। इसलिए लेखपाल अध्यक्ष आशीष संगम की अध्यक्षता में लेखपाल संघ तहसील शाखा शोहरतगढ़ के सभी लेखपाल साथियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान 03 दिवस के अन्दर नही किया गया तो समस्त लेखपाल क्रमवार आन्दोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। इस दौरान लेखपाल रजनीश कुमार विश्वकर्मा (मंत्री), रमेश जायसवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), विजय किशोर (कनिष्ठ उपाध्यक्ष), पूजा कुमारी (उप मंत्री), अखिलेश चौधरी (कोषाध्यक्ष), पंचम लाल पटेल (सम्प्रेक्षक), मुश्ताक खान, राम भरत, सुनील सिंह, अनिरुद्ध चौधरी, संध्या पाण्डेय सहित तमाम अन्य मौजूद रहें।



# होली से पहले मिलावटखोरों पर चला प्रशासन का हंटर, 160 किलो खोया नष्ट और 124 किलो नमकीन सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** 23 फरवरी 2026 आगामी होली के त्योहार को देखते हुए जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र. और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज जनपद में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)–प्प के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खजुरिया रोड, नौगढ़ में छापेमारी की। यहाँ से खोया का एक नमूना संग्रहित किया गया। जांच के दौरान 160 किलोग्राम खोया अस्वास्थ्यकर और गंदगी वाली परिस्थितियों में पाया गया, जिसे टीम ने मौके पर ही विनष्ट (नष्ट) करा दिया। छअभियान के अगले चरण में टीम थरौली स्थित वन विभाग चौराहे पर पहुँची। यहाँ से नमकीन का नमूना लिया गया। मानक के अनुरूप न पाए जाने पर 124 किलोग्राम नमकीन को विभाग द्वारा सीज कर दिया गया है। कड़ी विधिक कार्यवाही की चेतावनी खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी। व्यापारियों और कारोबारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे खाद्य मानकों का पालन करें और मिलावटी सामान न बेचें। छापेमारी टीम में शामिल अधिकारी इस विशेष अभियान दल में सहायक आयुक्त (खाद्य)– आर.एल. यादव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज कुमार चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## सम्पादकीय

**स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों तथा नागरिक कल्याण संगठनों के बीच बेहतर तालमेल भी इस दिशा में कारगर भूमिका निभा सकता है। आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास के साथ होने वाली उपभोग की वृद्धि और परिणामस्वरूप अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से शहरी अवसंरचना में ...**

# नये नियमों का सख्ती से पालन जरूरी

सुप्रीम कोर्ट की इस गंभीर चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि ठोस कचरे का निस्तारण एक पर्यावरणीय मुद्दा मात्र नहीं है बल्कि यह जन–स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिये भी गंभीर चुनौती है। निस्संदेह, जब हम विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य हासिल करने की बात करते हैं तो नागरिक जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन भी एक अनिवार्य शर्त है। निस्संदेह, देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी नागरिक चुनौती बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र, कचरे के पहाड़ों से दबे लैंडफिल, अनुचित अपशिष्ट के अलग–अलग न होने तथा कचरे के प्रभावी निपटान की चुनौती से जूझ रहे हैं। ठोस कचरा निस्तारण से जुड़े नये नियम लागू होने से कुछ सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश में दशकों पुराने ठोस अपशिष्ट उपचार नियमों के अनुपालन में कोताही को लेकर चिंता व्यक्त की है। अदालत का मानना है कि बढ़ते कचरे का बोझ नागरिक जीवन की सुगमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। वहीं दूसरी ओर अमृत यानी अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज जैसी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया है। यही वजह है कि न्यायालय ने समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए नियमों को सख्ती से लागू करने तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। सही मायनों में यह समय की भी जरूरत है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय ने स्थानीय निकायों और निर्वाचित प्रतिनिधियों मसलन पार्षदों व कॉर्पोरेटरों को दायित्व दिया है कि वे क्षेत्र के नागरिकों में स्वच्छता व ठोस कचरे के निस्तारण हेतु जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की पहल करें। जनजागरण से ही विकट होती समस्या के निस्तारण में मदद मिल सकती है। इस दिशा में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। प्रारंभिक चरण में दायित्व निर्वहन में विफल रहने पर जुर्माना विकल्प हो सकता है। वहीं बार–बार नियमों का उल्लंघन करने कानूनी कार्रवाई अपरिहार्य है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता स्वच्छता और ठोस कचरे के निस्तारण में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करना कर्तव्य की अनदेखी करने पर कड़ा संदेश दे सकती है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों तथा नागरिक कल्याण संगठनों के बीच बेहतर तालमेल भी इस दिशा में कारगर भूमिका निभा सकता है। आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास के साथ होने वाली उपभोग की वृद्धि और परिणामस्वरूप अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रुपये के निवेश से शहरी अवसंरचना में सुधार के लिये की गई पहल, सही दिशा में एक कदम है। हालांकि, यह एक हकीकत है कि नीति–निर्माताओं द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्राथमिकता दिए बिना भारत के शहर बढ़ती आबादी की मांगों को पूरा करने के लिये संघर्ष करते रहेंगे। ऐसे में ठोस कचरे से मुक्त भारत लक्ष्य महज एक सपना मात्र बनकर रह सकता है। लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में सार्थक–सुनियोजित प्रयास दीर्घकाल में सार्थक साबित हो सकता है।

## हिंदी और जेएनयू

जेएनयू से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर करने वालों का अनुभव शोध करने आये लोगों से अलग होता है। मेरा प्रवेश बतौर शोधार्थी 1989 में हुआ। इससे लगभग छह माह पहले दर्शनशास्त्र के शोधार्थी गोरख पांडे ने आत्मघात कर लिया था। बड़े भाई अवधेश प्रधान उनके घनिष्ठ थे इसलिए मेरे दिल्ली आने से थोड़ा आशंकित थे। बाद में देखा पूरे जेएनयू में केवल हिंदी के ही विद्यार्थी अपने अध्यापकों के पांव छूते हैं। इसके अलावा देखा कि मौखिकी परीक्षा में शोध ाार्थी मिठाई का बंदोबस्त करते थे। एक और बात बहुत अखरी कि हिंदी के विद्यार्थी जेएनयू के सामाजिक जीवन की मुख्य घटना अर्थातद्द छात्र संघ चुनावों में मतदान तो करते हैं लेकिन उम्मीदवार नहीं होते। हमारे अध्यापक भी अध यापक संघ में किसी पद पर नहीं होते थे। जेएनयू में छात्र संघ के चुनाव अब भी उत्सव की तरह होते हैं। इन चुनावों में हमारे सहपाठी जयप्रकाश लीलवान प्रत्याशी के बतौर खड़े हुए थे लेकिन उससे भी हिंदी के विद्यार्थियों का अलगाव नहीं टूटा। प्रवेश के कुछ ही दिन बाद ये चुनाव होते हैं। वर्ष 1989 के चुनाव थे। उसी दौरान की सभाओं से पता चला कि अब तक के हिंदी से जगदीश्वर चतुर्वेदी एकमात्र छात्र संघ अध्यक्ष रहे थे। हम हिंदी के विद्यार्थी जनेवि के जीवन के इस सर्वाधिक जीवंत मौके से कटे अपने भीतर ही सिमटे रहते। ऐसे में हमारे वरिष्ठ शम्भुनाथ सिंह ने जो अब कुलपति हैं अपने कावेरी छात्रावास में हिंदी के विद्यार्थियों की बातचीत का सिलसिला शुरू किया तो उसमें जाने लगा। अध ययन शुरू हुआ तो देखा कि अध्यापक तो बहुत कम हैं लेकिन उनका जलवा बहुत है। जेएनयू की कई बातें हैं। केदार जी को जब साहित्य अकादमी मिला तो हम सबने उनकी कविताओं का पाठ उनकी मौजूदगी में किया। मैनेजर जी ने व्याख्यान दिया। इन अध्यापकों और जेएनयू के समूचे माहौल के कारण हिंदी के विद्यार्थियों को समाज विज्ञान के विद्यार्थियों के सामने भी आत्मविश्वास से बोलने का साहस मिला था। जेएनयू से प्रतिदिन साहित्य अकादमी के लिए बस जाती थी। इतिहास के विद्यार्थी तीन मूर्ति जाया करते थे। छात्रावासों में सभी विषयों के विद्यार्थी रहते और भोजनालय में एक साथ खाते थे। खाते समय विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से जारी परचों को पढ़ते और उन पर बहस करते। इस माहौल ने किसी विद्यार्थी को अपने ही विषय तक सीमित नहीं रहने दिया। जेएनयू के इसी माहौल ने ऐसा कर दिया कि देश के किसी भी कोने में प्रशासन, पत्रकारिता और अध्यापकों की दुनिया में कोई न कोई मिल जाता है।

# मुआवजे के अलावा हादसे के दोषी भी दंडित हों

**किसी की मृत्यु के बदले केवल धनबल के आधार पर, वारिसों के हस्ताक्षरों से 'माफी' स्वीकार करवा लेना न्याय की भावना के विपरीत है। यह निर्णय न केवल विधि के शासन को सुदृढ़ करता है, बल्कि लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभ न्यायपालिका की गरिमा और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। इसे स्वीकार और लागू करना ही न्यायपूर्ण समाज की दिशा में एक आवश्यक कदम होगा। इसके अतिरिक्ति, प्रशासन की भी जिम्मेदारी है...**

सवाल है कि क्या आर्थिक मुआवजा किसी जीवन की क्षति की पूर्ति कर सकता है? स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के साथ–साथ दंड प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि कानून का भय और न्याय का विश्वास दोनों कायम रह सकें। देश के सड़क ढांचे का व्यापक विस्तार हुआ है और राजमार्गों का जाल तेजी से फैला है। संकरी और जर्जर सड़कों की जगह अब आधुनिक एवं चौड़ी सड़कों ने ले ली है, जिससे सड़क परिवहन व्यवसायियों और आम नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बन गया है। किन्तु इस विकास के साथ नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। शहरों की भीड़भाड़ से दूर बाइपास और खुली सड़कों पर वाहन चालक प्रायः लापरवाही से तेज गति में वाहन चलाते हैं। पर्याप्त निगरानी और यातायात नियंत्रण के अभाव में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब चालक नशे की अवस्था में वाहन चलाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन यात्रियों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार एशिया में सपाट और चौड़ी सड़कों पर दुर्घटनाओं की दर चिंताजनक रूप से बढ़ी है। भले ही सड़क सुरक्षा बल की तैनानी और दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की हो, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आई है। यदि किसी एक चालक की लापरवाही से दूसरे चालक या राहगीर की मृत्यु हो जाती है, तो यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही से हुई मृत्यु का मामला है। ऐसे मामलों में दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। लेकिन अक्सर आर्थिक रूप से संपन्न लोग कई बार कानूनी प्रक्रियाओं में दखल या धनबल के सहारे राहत पा लेते हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 2(एक्स) में 'पीड़ित' की परिभाषा में कानूनी वारिसों को भी शामिल किया गया है। पूर्व में प्रायः ऐसा होता था कि मृतक के वारिस समझौते के तहत मुआवजा स्वीकार कर लेते थे और मामला आगे नहीं बढ़ता था।



।कअमतजपेमउमदज फलस्वरूप, आर्थिक क्षतिपूर्ति को ही न्याय का विकल्प मान लिया जाता था। जिस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, उसे प्रत्यक्ष न्याय तो नहीं मिल सकताय अतः उसके परिजनों को धनराशि देकर मामले का पटाक्षेप कर दिया जाता था। क्या केवल आर्थिक मुआवजा किसी जीवन की क्षति की पूर्ति कर सकता है? स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के साथ–साथ दंड प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि कानून का भय और न्याय का विश्वास दोनों कायम रह सकें। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक याचिका पर फैसला दिया है कि सड़कों पर लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना करने वाले माफी के हकदार नहीं। निस्संदेह, मृतक के आश्रितों को कुछ क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिए लेकिन यहां तो मौत के जिम्मेदार को ही माफ होने लगी। अदालत ने इस अधिकार रद्द कर दिया है। कुछ अभियुक्तों ने तर्क दिया कि वे केवल अनुबंध पर वाहन चला रहे थे, इसलिए सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं बल्कि वाहन स्वामी की है। इस पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दोष तय करना अदालत का कार्य हैय यह साक्ष्यों के आधार पर ही निर्धारित होगा कि जिम्मेदार कौन है। यदि किसी वाहन स्वामी ने जर्जर वाहन सड़क पर उतारे हों और उनसे दुर्घटना हुई हो, तो जांच उसी अनुरूप की जाएगी। स्पष्ट है कि अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही और तेज गति के कारण होती हैं। ऐसी मौतों की आपराधिक जवाबदेही केवल ध ान–लेनदेन के समझौते के आधार पर समाप्त नहीं की जा सकती। समझौते से एफआईआर रद्द करना तभी संभव है जब वास्तविक पीड़ित की शिकायत शेष न हो। पीड़ित के परिजनों के लिए न्याय सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है। वर्तमान परिस्थितियों में कठोर दंड की संभावना प्रायः क्षीण प्रतीत होती है। दंड विधान में भी कानूनी छिद्र खोज लेने वाले सामने आ जाते हैं। 'तारीख पर तारीख' की प्रक्रिया लंबी होती रहती है और अभियुक्त जमानत पर बाहर आकर स्वयं को अपराध मुक्त समझने लगते हैं। इसी व्यवस्था में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों ने दुर्घटनाओं में अपनी लापरवाही से हुई मौतों के मामलों का समाधान भी अपने तरीके से निकाल लियाकृ मुआवजे और समझौतों के माध्यम से। न्याय का सिद्धांत यह है कि अपराधी को दंड मिले और पीड़ित परिवार को न्याय। किसी की मृत्यु के बदले केवल धनबल के आधार पर, वारिसों के हस्ताक्षरों से 'माफी' स्वीकार करवा लेना न्याय की भावना के विपरीत है। यह निर्णय न केवल विधि के शासन को सुदृढ़ करता है, बल्कि लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभकृन्यायपालिकाकृ की गरिमा और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

**यह सोचना कि भारत उसी बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने पर विचार कर रहा है जिसकी सदस्यता के लिए देशों ने 1 बिलियन डश्वलर का भुगतान किया है बीते शुक्रवार वाशिंगटन डीसी में हुई इसकी पहली बैठक में, ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से 'खड़े होने' के लिए कहा, जब उन्होंने एक बार फिर दर्शकों को यह कहानी सुनाई कि कैसे उन्होंने ही ऑपरेशन सिंदूर का पटाक्षेप करवाया था...**

# वॉशिंगटन में भारतीय हितों की रक्षा के निहितार्थ

भारत को जरूरत है आसान शर्तों वाले अमेरिकी बाजार की, उन्हें भी हमारी है। बहरहाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कथित तौर पर व्यापार समझौता करवाने व भारत को पैक्स सिलिका में शामिल कराने में भूमिका निभाई। वहीं विदेश मंत्री मार्को रुबियो समझौते का ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैं, जिसमें बाजार खोलने की बात है। अमेरिका में हमारा आदमी वह नहीं है जिसके बारे में आप अंदाजा लगा सकते हैं, दरअसल, वह उनका सहयोगी है यानि भारत में अमेरिका के राजदूत, सर्जियो गोर। यह शख्स बहुत ज्यादा रोचक है। वे 1986 में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में, बतौर पूर्व सोवियत यूनियन नागरिक पैदा हुए थे (नाम सर्जियो गोरोखोव्स्की रखा गया)य एक दशक के अंदर उनका परिवार अमेरिका चला गया, जहां उन्होंने अपना सरनेम छोटा कर लिया। उम्र के चालीस साल पूरे करने से पहले ही श्रीमान गोर न केवल दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नजदीकी बने हुए हैं, बल्कि ऐसा लगता है कि व्हाइट हाउस तक पहुंचने वाले रास्ते की मुश्किलें आसान बनाने में वे भारत की हर संभव मदद कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो मेरी बात याद रखिए, अगले गणतंत्र दिवस पर वे एक उच्च पदद्म सम्मान के पक्के दावेदार होंगे। अब श्रीमान गोर की शोहरत का दावा सिर्फ उस धमाकेदार खबर पर नहीं टिका है, जो उन्होंने बीते शुक्रवार दिल्ली में ब्रेक की थी, अर्थात, प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बहुत जल्द भेंट हो सकती हैय यह देखते हुए कि ट्रंप ने अभी हाल ही में कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान '11 बहुत महंगे' लड़ाकू जेट मार गिराए गए थे, भारत निश्चित रूप से इस पर नजर रखेगा। माना जाता है कि गोर ने भारत के विरुद्ध अड़ियल रवैया अपनाए बैठे अमेरिकी प्रशासन को अंततः व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाया है – और भारत को 50 फीसदी टैरिफ की मुसीबत से राहत दिलवाई है, भले ही हम 5,000 साल पुरानी सभ्यता के वारिस हैं। इसके अलावा, कहा जा रहा है कि उन्होंने एआई और महत्वपूर्ण खनिजों के मामले पर भारत को अमेरिका के नेतृत्व वाले वैश्विक संगठन, 'पैक्स सिलिका' में प्रवेश पाने में भी मदद की हैय मत भूलिए कि अमेरिकियों ने दो महीने पहले, दिसंबर में, इसी संगठन में भारत के लिए दरवाजे बंद करवा दिए थे। (तो हृदय परिवर्तन की वजह क्या है?)



अब आप दलील देंगे कि यह सब तो आमतौर पर होता रहता है, कि यह तो गोर का काम है कि वह स्थानीय लोगों, मतलब हम भारतीयों के साथ ,तालमेल बनाकर रखें दृ और यहां पर मैं यह शब्द सोच–समझकर सलाह के रूप में उपयोग कर रही हूं, क्योंकि आपने अब तक वह पढ़ लिया होगा जो गोर के काफी ताकतवर साथी, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक हफ्ते से भी कुछ पहले म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में कहा था। यह भाषण 'ईसाई आस्था' और 'पश्चिमी सभ्यता' जैसे विशेषणों से भरा हुआ थादृ और कक्ष में मौजूद सभी राजनेता, जिनमें से अधिकांश गोरे थे, उन्होंने जोश में तालियां बजाईं। यह और बात है कि इन्हीं में से कई लोग लगातार अलग–अलग रंगों की त्वचा वाले लोगदृ भूरे, काले, पीलेदृ जोकि भारत और चीन जैसे तीसरी दुनिया के देशों में रहते हैं, उनके साथ व्यापार समझौते करने की कोशिशें कर रहे हैं, क्योंकि बाजार वहीं पर हैं। म्यूनिख में रुबियो के अनुसार, 'हमें अपनी राष्ट्रीय सीमाओं पर भी नियंत्रण करना होगा। यह नियंत्रण कि कौन और कितने लोग हमारे देशों में आते हैं, यह कोई जेनोफोबिया (परदेसियों का भय) दिखाना नहीं है। यह नफरत नहीं है। यह राष्ट्रीय प्रभुसत्ता का एक बुनियादी काम है'। आपको क्यूबाई मूल के अमेरिकी की अमेरिका के झंडे 'स्टार्स एंड स्ट्राइप्स' को लहराने की तीव्र या कुछ हद तक बेताब इच्छा की खातिर अवश्य ही तारीफ करनी होगी, किंतु विडंबना पर ध यान दें। मार्को का क्यूबाई नागरिकता वाला परिवार उस वक्त तक अमेरिकी नागरिक नहीं बना था, जब 1971 में वे पैदा हुए थे। लेकिन, एक ताकतवर अमेरिकी विदेश मंत्री श्रीमान रुबियो ऐसा रुख अपना रहे हैं जो भविष्य के सुंदर पिचाई जैसों को अमेरिका में पैर जमाने की कोशिश करने में अड़चन बनेगा ( भारत अपने 'सुंदर पिचाइयों' को घर पर ही क्यों नहीं रोककर रख सकता है, यह एक अच्छा और अलग सवाल है)। फिर मुक्त व्यापार की वह दलील जिसे पश्चिमी जगत सोवियत यूनियन के पतन और शीत युद्ध खत्म होने के बाद से आगे बढ़ा रहा है कृ यह मानना पड़ेगा कि इसी ने भारत को अपनी जटिल नीति में सुधार करने और वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने के लिए मजबूर किया था कृ और दक्षिणी गोलार्ध के मुल्कों ने अपने बाजार खोलने की एवज में, श्रमिकों के मुक्त आवागमन की मांग की थी। अर्थात सबसे काबिल लोगों को उस जगह पर जाने की मुक्त आवाजाही की सहूलियत होनी चाहिए जहां जॉब्स हो य महज पासपोर्ट के रंग के आधार पर उनके साथ भेदभाव न हो। क्योंकि पिछले साल ट्रंप ने मुक्त व्यापार की दलील को निरस्त कर दिया था, अब उनके विदेश मंत्री नए समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप दे रहे हैं कृ हमारे सामान के लिए अपना बाजार खोलो, लेकिन हमसे यह उम्मीद मत रखो कि तुम्हारे लोगों की नौकरियों के लिए हम अपनी अर्थव्यवस्था खोलेंगे। रुबियो के म्यूनिख वाले भाषण के सबसे खास हिस्से के लिए जरा रुकिए। 'कोलंबस के युग के बाद से, 1945 में पहली बार, पश्चिम सिकुड़ रहा था३ बड़े पश्चिमी साम्राज्य अपने पूर्ण पतन के दौर में पहुंच गए थे, जिसको नास्तिक वामपंथी आंदोलन और औपनिवेशीकरण विरोधियों ने और गति दी और आने वाले सालों में दुनिया के नक्शे के एक बड़े हिस्से को दरांती–हथौड़े वाले लाल झंडे से ढांप दिया'। रुबियो की बातों से आपको गुस्सा आ सकता हैं, लेकिन बेहतर होगा कि गहरी सांस लेकर सोचें।



# बजाज चीनी मिल रुधौली का पेराई सत्र संपन्न 29.53 लाख क्विंटल गन्ने की हुई पेराई

दैनिक बुद्ध का संदेश

रुधौली/बस्ती। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, रुधौली इकाई ने चालू पेराई सत्र 2025–26 को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। इस अवसर पर मिल परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इकाई प्रमुख डॉ. जे.पी. त्रिपाठी ने समस्त गन्ना किसानों और मिल कर्मचारियों को इस सफल सत्र के लिए बधाई दी। उत्पादन के आंकड़े और भविष्य का लक्ष्य इकाई प्रमुख डॉ. त्रिपाठी ने जानकारी दी कि इस सत्र के दौरान चीनी मिल ने कुल 29 लाख 53 हजार 994 क्विंटल गन्ने की पेराई की है। उन्होंने बेहतर पेराई के लिए किसानों के सहयोग और श्रमिकों की मेहनत की सराहना की। किसानों के लिए महत्वपूर्ण सलाहरू उन्नत किस्मों का करें चयन डॉ. त्रिपाठी ने आगामी सीजन के लिए किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बसंत कालीन गन्ना बुवाई करें। उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए उन्नत प्रजातियां अधिक पैदावार के लिए गन्ना प्रजाति 15023, 14201, 13235, 17231 और 0118 की बुवाई पर जोर दें। जलजमाव वाले क्षेत्ररू ऐसे क्षेत्र जहाँ पानी भरता हो, वहाँ किसान 94184 या 98014 किस्म की बुवाई कर सकते हैं। प्रबंधनरू पेड़ी (त्जववद) प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें ताकि लागत कम और मुनाफा अधिक हो सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने जताया आभार वरिष्ठ गन्ना अधिकारी बाल सिंधु गगन पांडे ने भी किसानों और श्रमिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही मिल पूरे सीजन सफलतापूर्वक चली। इस दौरान उप महाप्रबंधक गन्ना शैलेंद्र कुमार मिश्रा, ब्लॉक इंचार्ज प्रवीण सिंह, रणजीत सिंह, गेट इंचार्ज राजेश सिंह, विनोद सिंह, गन्ना प्रबंधक अरविंद द्विवेदी, सुधांशु सिंह, लक्ष्मी उपाध्याय समेत भारी संख्या में किसान और मिल कर्मी उपस्थित रहे।






# सिकटा में श्रमिकों के लिए विशेष कैम्प लगाकर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से किया गया लिंकेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। श्रम विभाग एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जीरो पॉवर्टी के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा बीओसीडब्ल्यू श्रम कार्ड बनाये जाने हेतु सोमवार को विकास क्षेत्र भनवापुर के ग्राम पंचायत सिकटा में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में ग्राम पंचायत कटारिया बाबू, मुबारकपुर, सिकटा, ताराव, फलफली, डिहवा से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपने श्रम कार्ड बनवाये गयें। कैम्प का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान पात्र श्रमिकों का पंजीकरण किया गया और आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि बीओसीडब्ल्यू श्रम कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मातृत्व सहायता, बाल शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, आवास सहायता एवं पेंशन का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित मानव संसाधन वन महिला विकास संस्थान के डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों से पंजीकरण कराने की अपील की। साथ ही महिलाओं को भी श्रमिक पंजीकरण के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे भी सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकें। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंप ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई श्रमिक जानकारी के अभाव में योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, लेकिन ऐसे आयोजनों से उन्हें मौके पर ही पंजीकरण और मार्गदर्शन मिल रहा है। कैम्प के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर लगाए जाने की मांग की। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी जल्द ही ऐसे कैम्प आयोजित किये जायेंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया जा सकें। इस दौरान श्रम विभाग से कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरजीत पाण्डेय, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से हृदय सिंह, मनीष यादव, हेमन्त गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# जनगणना–2027 की तैयारियाँ शुरू, जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में आगामी भारत की 16वीं जनगणना (2027) को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को सिद्धार्थ सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पाएन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जनगणना की विस्तृत कार्ययोजना साझा की गई। दुनिया की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्ययोजना बैठक में उत्तर प्रदेश जनगणना निदेशालय द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी नागेन्द्र यादव ने बताया कि जनगणना–2027 भारत की श्रृंखला में 16वीं और आजादी के बाद 8वीं जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्ययोजना है, जो गाँव, वार्ड और शहर स्तर के आधिकारिक डेटा का एकमात्र विश्वसनीय स्रोत है। महत्वपूर्ण समय सारणी जनगणना कार्य को दो चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसकी समय सीमा निम्नवत निर्धारित की गई है प्रशिक्षण एवं नियुक्तिरू' मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण 24 से 27 फरवरी 2026। फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्तिरू 31 मार्च 2026 तक। प्रशिक्षण पूर्ण करने की तिथि 15 मई 2026 तक। प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) उत्तर प्रदेश में यह कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा। इससे पूर्व 7 मई से 21 मई तक स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना)रू मुख्य जनसंख्या गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित होगी। प्रशासनिक ढांचा और पोर्टल पंजीकरण बैठक में स्पष्ट किया गया कि राजस्व ग्राम सबसे निचली प्रशासनिक इकाई होगी।

विशिष्ट क्षेत्र (जैसे रक्षा, सीआरपीएफ, बीएसएफ क्षेत्र) के लिए विशेष प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। शिक्षा, राजस्व, पंचायती राज और ग्राम विकास विभाग के कर्मचारियों का विवरण एक्सेल प्रारूप में ब्डडै पोर्टल पर अपलोड कर उनकी आईडी बनाई जाएगी। इन अधिकारियों की रही मौजूदगी इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, समस्त अधिशासी अधिकारी और खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।





# मोटर दुर्घटना संबंधी दावों के अधिकाधिक निस्तारण पर बल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देश क्रम में सोमवार को पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविंद राय की अध्यक्षता में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री–ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविंद राय ने कहा कि मोटर दुर्घटना के प्रतिकर दावों से संबंधित जिन वादों के निस्तारण की संभावनाएं है, उन सभी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने हेतु पक्षकारों एवं बीमा कम्पनियों की ओर से उपस्थित अधिवक्तागण सहयोग प्रदान करें। प्री ट्रायल बैठक में विवादित बिंदुओ, संभावित सेटलमेंट, बीमा दायित्व तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता पर विचार–विमर्श किया गया, जिससे की राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षकार, बीमा कम्पनी के विद्वान अधिवक्ताओं से आगामी 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित कराने के प्रति संकल्पित प्रयास करें। उक्त बैठक में अरूण कुमार चतुर्थ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विद्वान अधिवक्तागण सम्पूर्णानन्द बक्शी, प्रमोद कुमार द्विवेदी, संजय कुमार दूबे, असगर अली, इम्तियाज अली, अजय कुमार यादव, व राजीव पाठक तथा साथ–साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।




# एग्रो–फॉरेस्ट्री एवं नर्सरी राइजिंग पर कार्यशाला आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के ग्राम पयागपुर मे दिनांक 21–2–2026 को सीड्स संस्था द्वारा संचालित परियोजना जलवायु लचीला आजीविका के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया




सजिसमे जलवायु परिवर्तन और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एग्रो–फॉरेस्ट्री एवं नर्सरी राइजिंग विषय पर एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, स्वयं सहायता समूहों तथा .षि क्षेत्र से जुड़े लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में रवि त्रिपाठी क्भ्व प्रभारी ने बताया कि एग्रो–फॉरेस्ट्री एक समन्वित .षि प्रणाली है, जिसमें .षि फसलें, वृक्ष एवं पशुपालन को एक साथ वैज्ञानिक तरीके से किया जाता है। इससे भूमि की उर्वरता बढ़ती है, मिट्टी एवं जल संरक्षण होता है तथा किसानों को अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक आय के अवसर प्राप्त होते हैं ।प्रशिक्षण के दौरान सीड्स संस्था से प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर प्रशांत ने एग्री–सिल्वीकल्चर, सिल्वी–पास्टोरल एवं एग्री–सिल्वी–पास्टोरल मॉडल की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस प्रणाली से जोखिम कम होता है और बहु–स्तरीय उत्पादन संभव होता है ।साथ ही नर्सरी राइजिंग के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को पौध उत्पादन की प्रक्रिया, बीज उपचार, सिंचाई प्रबंधन तथा रोग–कीट नियंत्रण की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण पौध उपलब्धता से एग्रो–फॉरेस्ट्री प्रणाली अधिक सफल एवं टिकाऊ बनती है ।कार्यक्रम के अंत में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विशेषज्ञों से विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों को नई तकनीक अपनाने में सहायता मिलेगी और क्षेत्र में टिकाऊ .षि विकास को बढ़ावा मिलेगा कार्यशाला मे स्वयं सहायता समूह से 50 महिलाएं कम्युनिटी मोब्लिज़र पल्लवी मिश्रा, जय किशन, उद्यान प्रभारी रवि त्रिपाठी, सीड्स संस्था से प्रशांत उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान की खतरनाक साजिश का पर्दाफाश, पकड़े गए 8 जासूस!

मुनीर का जासूस नंबर एक नाम अजीजुल हक है। मुनीर का जासूस नंबर दो नाम मोहम्मद जहलुदुल इस्लाम।मुनीर का जासूस नंबर तीन नाम एमडी उजाद। मुनीर का जासूस नंबर चार नाम मिजानूर रहमान है। मुनीर का जासूस नंबर पांच नाम एमडी लिटन है। मुनीर का जासूस नंबर छह नाम एमडी उमर फारूक। यह सभी आसिम मुनीर के जासूस रहते हिंदुस्तान में थे। खाते हिंदुस्तान का थे। लेकिन ये सभी हिंदुस्तान के दुश्मन नंबर एक मुनीर के लिए काम करते थे। पाकिस्तान के लिए जासूसी करते थे। हिंदुस्तान को दहलाने की साजिश रच रहे थे। हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान के लिए काम करने वाले मुनीर के आठ जासूसों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से छह को पुलिस ने तमिलनाडु से पकड़ा है। जबकि दो की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से हुई है।

पकड़े गए सभी संदिग्ध बांग्लादेशी हैं। यह सभी अपनी पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड के जरिए तमिलनाडु के एक गारमेंट कंपनी में काम कर रहे थे। लेकिन इनका असली काम सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट से पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करना था। सोशल मीडिया पर आसिम मुनीर की वाहवाही करते थे। आतंकी संगठनों के समर्थन में पोस्ट करते थे। यह हिंदुस्तान के खिलाफ जहर उगलते थे। एंटी इंडिया पोस्टर चिपकाते थे और जो इनके पोस्टर पर कमेंट करता उन्हें यह अपनी आतंकी दस्ते में शामिल करने की कोशिश करते थे। पकड़े गए सभी संदिग्ध ों की मदद से पाकिस्तान में बैठे आतंकी देश में धमाके की बड़ी साजिश रच रहे थे।

आपको बता दें कि जितने भी आतंकी पकड़े गए हैं उनमें सबसे बड़ी चीज यह है कि वो सभी पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलर्स के जरिए काम कर रहे थे। इतना ही नहीं बाहर से जो फॉरेन टेररिस्ट की जो यहां पर प्लानिंग थी यहां लेकर आने की और उसके बाद बड़ी साजिशें करने की प्लानिंग थी यह भी यही रच रहे थे।

अगर दिल्ली पुलिस इन्हें नहीं पकड़ती तो ये हिंदुस्तान को दहलाने की पूरी तैयारी कर चुके थे। यह लोगों की भावनाओं को भड़का कर दंगा कराने की प्लानिंग भी कर रहे थे। इसके लिए सोशल मीडिया के जरिए जहरीले भड़काऊ पोस्ट लगातार डाल रहे थे। किसी बड़ी अनहोनी घटना को प्रिवेंट कर लिया गया है। इससे पहले यह कुछ कर पाते। टीम जो है फिर तमिलनाडु गई और वहां पर तमिलनाडु पुलिस की हेल्प से छह लोगों को और जो कि सभी के सभी बांग्लादेश नेशनल्स हैं उन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।




# 07 दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर उत्कृष्ट स्वयंसेवकों को किया गया सम्मानित




दैनिक बुद्ध का संदेश

मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र मिश्रौलिया अन्तर्गत काशीनाथ महाविद्यालय, करौंदा खालसा, सिद्धार्थनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) में आयोजित 07 दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिविर के दौरान उत.ष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जय प्रकाश के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबन्धक प्रतिनिधि सचिन अग्रहरि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। वहीं कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के पिन्टू चौधरी, विजय तिवारी, अश्वनी मिश्रा, शिव शंकर पाण्डेय तथा अब्दुर्रहमान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज सेवा के प्रति निरन्तर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सेवा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्य किये गये, जिनकी सराहना उपस्थित जनसमूह द्वारा की गई। अन्त में उत.ष्ट स्वयंसेवकों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर के सफल संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# भारतीय किसान यूनियन ने शोहरतगढ़ में भरी हुंकार, विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 23 फरवरी 2026 सोमवार को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील शोहरतगढ़ प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाकियू के जिला उपाध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष श्रवण कुमार कश्यप के नेतृत्व में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर एक धरना सभा आयोजित की। दोपहर 2 बजे सौंपा गया ज्ञापन तहसील परिसर में चली बैठक और धरने के बाद, दोपहर लगभग 2रू00 बजे जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (ैक्ड) शोहरतगढ़ को सौंपा गया। किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रशासन का आश्वासन धरना स्थल पर पहुँचे तहसील के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं और मांगों को अति शीघ्र सरकार तक पहुँचाया जाएगा। शासन स्तर से जो भी निर्णय या विचार आएगा, उससे संगठन को अवगत कराया जाएगा। संगठन की एकजुटता इस दौरान भाकियू नेता श्रवण कुमार कश्यप ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के तमाम पदाधिकारी, भारी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# वन क्षेत्राधिकारी पंडरी कृपाल अवैध कटान पर हुए सख्त धड़ाधड़ कर रहे कार्यवाही

## लकड़कट्टो को दे रहे कड़ा संदेश अवैध कटान पर मुकदमा होगा दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के वन प्रभाग अन्तर्गत वन रेंज क्षेत्र पंडरी कृपाल वन क्षेत्राधिकारी सुशांत शुक्ला का इस बार शख्त रूख देखने को मिलद्द रहा है।जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व अवैध सागौन कटान में संलिप्त ट्रक को पंडरी कृपाल रेन्ज के कर्मचारी और वन सुरक्षा प्रभारी अभिषेक की संयुक्त टीम ने धर दबोचा था जिस पर तत्काल वन क्षेत्राधिकारी सुशांत ने कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया और सुरक्षा प्रभारी से ट्रक को अपने कब्जे में लेकर ट्रक सहित अवैध कटे 31 सागौन के वृक्षों पर कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में दो दिनों पूर्व अवैध कटान में संलिप्त ट्रैक्टर–ट्रॉली लदी पकड़ी गई सूचना के अनुसार तत्काल कार्यवाही हेतु वन रेंज पंडरी कृपाल कार्यालय लाया गया।जांचोपरांत ट्रैक्टर ट्राली पर अवैध प्रतिबंधित बृक्ष लदे होने की जानकारी प्राप्त हुई और वन क्षेत्राधिकारी पंडरी कृपाल ने वन फॉरेस्ट गार्ड मीरा को कार्यवाही का निर्देश दिया।इस तरह लगातार कार्यवाही से पंडरी कृपाल वन क्षेत्र में अवैध कटान करने वाले लकड़कट्टो में हड़कंप मचा हुआ है।वहीं वन क्षेत्राधिकारी पंडरी कृपाल सुशांत शुक्ला ने वन क्षेत्र पंडरी कृपाल के सभी वीट प्रभारियों/वन दरोगाओ और वन रक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में अवैध कटान हुई तो कार्यवाही होना तय है तथा जिम्मेदार कर्मचारियों पर भी जवाब देही तय की जाएगी।अवैध कटान को लेकर वन क्षेत्राधिकारी के तेवर सख्त दिखाई दे रहा है जो कहीं न कहीं लकड़कट्टो के लिए विशेष सूचना है अवैध प्रतिबंधित वृक्षों के कटान पर रोक लगी है।पहले परमिट ले तब कटान करें नहीं तो कार्यवाही के साथ मुकदमा भी होगा दर्ज।




# सीडीओं की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति का हुआ समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

**संतकबीर नगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति/जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं पी0एम0 विश्वकर्मा जिला क्रियान्वयन समिति तथा विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में सदस्य सचिव/उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को प्रस्तुत किया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं यथा–मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। सी0एम0 युवा अभियान के बारे में भी विस्तृत रूप से अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतिनिधि अग्रणी जिला प्रबन्धक, एस0बी0आई0 एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि इस उपरोक्त योजनाओं/सी0एम0 युवा अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कराते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित किया जाये। बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त एम0ओ0यू0 एवं जी0बी0सी0/5.0 हेतु तैयार प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गयी। विशाल श्रीवास्तव, उद्यमी मित्र द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद हेतु धनराशि रू0 2000 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अब तक कुल 1107 करोड़ का जी0बी0सी0 रेडी पोर्टल पर कर दिया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे जी0बी0सी0/5.0 हेतु अधिक से अधिक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित करायें, जिससे जनपद का लक्ष्य पूर्ण हो सकें। इसी क्रम में उपायुक्त उद्योग द्वारा पी0एम0 विश्वकर्मा योजना सम्बन्ध में गठित समिति के समक्ष योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपायुक्त उद्योग से समन्वय करते हुए पी0एम0 विश्वकर्मा योजनान्तर्गत प्राप्त सूची का भौतिक सत्यापन करते हुए पात्र/अपात्र सूची उपायुक्त उद्योग को उपलब्ध कराये। बैठक में श्री बब्लू गुप्ता, शासन द्वारा नामित उद्योग बन्धु समिति सदस्य श्री शिव शंकर विश्वकर्मा, शासन द्वारा नामित पी0एम0विश्वकर्मा सदस्य तथा औद्योगिक/व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी तथा जनपद स्तरीय अधिकारीगण/उद्यमीगण/व्यापारीगण आदि उपस्थित रहे।



# नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार की बोर्ड बैठक में 29 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी

दैनिक बुद्ध का संदेश

**महराजगंज/सिसवा बाजार।** नगर क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को नगर पालिका परिषद सिसवा बाजार की निकाय बोर्ड बैठक सभागार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नपाप अध्यक्ष शकुन्तला जायसवाल ने की। इस अवसर पर समस्त सदस्यगण एवं अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में "सीवरेज एवं जल निकासी योजना", "पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना", "नगरीय झील एवं पोखर संरक्षण योजना", "स्वच्छ भारत मिशन" तथा "नगरीय पेयजल योजना" के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों के लिए 700 लाख रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इन योजनाओं के माध्यम से जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने, जलभराव की समस्या दूर करने तथा पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त "मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना" के अंतर्गत विस्तारित क्षेत्रों में सड़क, नाली निर्माण एवं चौराहा सुंदरीकरण के लिए 1000 लाख रुपये की कार्ययोजना को भी मंजूरी दी गई। इस योजना से नगर के नए क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क, नाली निर्माण, पोखरी सुंदरीकरण तथा आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए 1200 लाख रुपये के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमानित आय 9400 लाख रुपये एवं अनुमानित व्यय 9500 लाख रुपये के बजट परीक्षण को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष में निकाय सीमा अंतर्गत स्थित टैक्सी स्टैंड, पोखरी, तालाब एवं दुकानों की वसूली हेतु नीलामी कराए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। कुल मिलाकर सड़क, नाली, चौराहा एवं पोखरी सुंदरीकरण सहित विभिन्न मदों में लगभग 29 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी मिलने से नगर में आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




# जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को दी गई जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें।प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों को जनगणना के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार,उपजिलाधिकारी तरबगंज, तहसीलदार गोण्डा सदर, तहसीलदार तरबगंज, तहसीलदार मनकापुर, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# बेलहर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बदमाशों का हौसला बुलंद महिला से बदमाशों ने लूटा मंगलसूत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

**संतकबीरनगर।** बेलहर थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4रू30 बजे के आसपास बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का मंगलसूत्र झपट्टा मारकर छीन लिया। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पूरा मामला बेलहर थाना क्षेत्र के पड़िया गांव का है जहां भजी राम अपनी सड़क किनारे छोटी सी दुकान चलाते हैं। घटना के समय उनकी 28 वर्षीय बेटी वन देवी दुकान पर बैठी थीं। घर के अन्य सदस्य खेत में काम कर रहे थे। तभी चोर उचक्के महिला के गले से मंगलसूत्र चौन छीन कर फरार हो गए। महिला शोर मचाने लगी परन्तु समय से कोई नहीं निकट में मैजूद नहीं था जिसका चोरों ने फायदा उठाया।तहरीर के अनुसार, तीन बाइक सवार दुकान पर आए। उनमें से एक ने गुटखा मांगा, दूसरे ने सिगरेट और तीसरा बाइक पर ही बैठा रहा। अचानक एक बदमाश ने वन देवी के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और तीनों फरार हो गए। पीड़िता ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच–पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटनास्थल का जायजा लिया गया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि बाइक सवार बदमाशों की पहचान की जा सके।



# श्रीमद भागवत सप्ताह यज्ञ की कलश यात्रा में जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ गांव।

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बभनी ब्लाक क्षेत्र के बैना गांव में सोमवार दोपहर करीब दो बजे मुख्य पंडित ओम प्रकाश नारायण उपाध्याय द्वारा मंत्रौउच्चारण के तथा बाजे–गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दो तीन किलोमीटर बैना पागन नदी के तट पर कलश भर कर वापस यज्ञ मंडप आये ।आयोजक तथा मुख्य यजमान राधेश्याम ने बताया कि सोमवार से चलकर दो मार्च को पूर्णाहुति तथा भंडारा होगी। यज्ञ शाला परिसर में प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक श्रीमद भगवत गीता प्रवचन होगा। कलश यात्रा में शामिल मुख्य यजमान राधेश्याम सहित हरिशंकर, जगदीश प्रसाद, जमुना प्रसाद, रामनारायण, राजेश कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में मौजूद रहे।



# मानकविहीन खुलते मॉल रोड खड़े वाहनों और लगते जाम के जिम्मेदार कौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**गोन्डा।** गोन्डा जनपद में अधिकारियों के नाक के नीचे मानकविहीन तरीके से मॉल का खुलना चर्चा का विषय बन गया है।पहले गुरू नानक चौक पर वी–2 मॉल खुला और गाड़ियां हाई रोड पर ही लगने लगी अधिकारियों ने आंखें बंद कर ली मॉल संचालित हो रहा है और जाम से आमजनता जूझती नजर आ रही थी उससे सीख लिए बिना पुनः उसी के बगल स्टाइल बाजार मॉल खुला गया।इस सम्बन्ध में अधिवक्ता दीनानाथ त्रिपाठी ने कहा कि नगर क्षेत्र के अधिशाषी अधिकारी और नगर मजिस्ट्रेट के मिली भगत का कारण है यह मॉल।आरोप यह लगाया कि अनुचित लाभ लेकर इस तरह के मॉल को बनवा कर रोड साइड पर चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन का पार्किंग इन अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। जन चर्चा भी है की शहर क्षेत्र में लगने वाले जाम का नतिजा जिम्मेदार अधिकारियों को ठहराया जा सकता है जबकि बढ़ते हुए जाम के झाम से छुटकारे की जिम्मेदारी भी नहीं निभा रहे हैं न ही इस तरह के मॉल और दुकानों के नवनिर्मित समय पर जांच कर सही तरीके से कार्यवाही करते हैं।बता दें एलबीएस चौराहे से लेकर बड़गांव चौराहे तक जाम लगता है लेकिन कोई जिम्मेदार ध्यान देने वाला नहीं है क्योंकि अधिकांश मामलों में कुछ राजनैतिक दबाव होता है तो कुछ धनबल का दबाव।फिर हाल जिस तरह से लखनऊ – बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगता है उससे जनपद के अधिकारियों की छवि और जनप्रतिनिधियों पर उंगली उठना लाजिमी है।



# AIMIM पार्टी का मेहदावल विधानसभा में दौड़ा संगठन विस्तार पर चर्चा शमशाद आलम

दैनिक बुद्ध का संदेश

**मेहदावल/संत कबीर नगर।** AIMIM पार्टी का मेहदावल विधानसभा क्षेत्र में दौड़ा और संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा की गई। आगामी जिला पंचायत सदस्य चुनाव में पूरे जिले से प्रत्याशी खड़ा करने की रणनीति बनी। पार्टी के प्रदेश सचिव शमशाद आलम ने लोगों से एआईएमआईएम से जुड़ने की अपील की और कहा कि पार्टी में मुस्लिम समाज के साथ–साथ हिंदू, ईसाई और सिख समुदाय के लोग भी विश्वास जताते हुए शामिल हो रहे हैं। शमशाद आलम ने कहा कि देश में युवा वर्ग बेरोजगारी से जूझ रहा है और सरकार भ्रष्टाचार रोकने में विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है, जिससे समाज मेंआपसी दूरी बढ़ रही है। एआईएमआईएम नेता ने कहा कि उनकी पार्टी समाज में फैली खाई को पाटने और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। बैठक में जिला अध्यक्ष इरशाद आलम, साकिब अंसारी, अब्दुल्ला खान, शहजाद आलम, जलालुद्दीन, अब्दुल हलीम खान आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सचान जनपद बलरामपुर में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनपद की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए मंत्री ने शेष वित्तीय वर्ष में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा बजट का समुचित उपयोग कर शत–प्रतिशत वित्तीय प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना , तुलसीपुर में आरओबी निर्माण, जिला चिकित्सालय में 100 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट, पीएम किसान सम्मान निधि, 15वें एवं 5वें राज्य वित्त आयोग के व्यय, वीबीजीरामजी (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वृक्षारोपण अभियान तथा आईजीआरएस की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रोजेक्ट संवर्धन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, गोचर भूमि में हरा चारा उत्पादन, गोवंश टीकाकरण व ईयर टैगिंग, कुओं के जीर्णोद्धार, थारू गांवों में विद्युतीकरण एवं संपर्क मार्ग, बाल सेवा योजना व स्पॉन्सरशिप योजना, परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा कार्य तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में ड्रीम बोर्ड एवं सरकारी स्कूलों में आंतरिक नक्षत्रशाला एवं 70 विद्यालयों में टैब लैब से पढ़ाई जैसे नवाचारों की भी प्रस्तुति दी गई। मंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नए कार्यों में नई सड़कों को अनावश्यक रूप से न काटने तथा बोर सिस्टम के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों को नए जैसा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सर्वे में पात्र पाए गए लगभग 41 हजार आवासों के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान, सीएम स्वरोजगार योजना एवं खादी ग्रामोद्योग योजनाओं से अधिक से अधिक युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय बढ़ाने, लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करने तथा लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल करने पर जोर दिया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन एवं आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाते हुए योजनाओं का वास्तविक लाभ जनमानस तक पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को शेष वित्तीय वर्ष में और अधिक प्रभावी कार्य करते हुए जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर बेहतर ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान सदर विधायक , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा , डीएम विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी व जनप्रतिनिधिगण , अधिकारीगण उपस्थित रहें।




# जिलाधिकारी बहराइच कार्यालय परिसर में आत्मदाह करने का किया गया प्रयास

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जिलाधिकारी बहराइच कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड भारत स्वदेशी अभियान परिषद कुंवर धावरा ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिससे वहां पर खड़े हुए लोगों में खलबली मच गई तुरंत ही आसपास के लोगों ने मिलकर किसी तरीके से आग को बुझवाया। मीडिया से वार्ता करने के क्रम में उन्होंने बताया कि यूजीसी कानून के विरोध में उन्होंने ऐसा कदम उठाया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे और धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने की माँग को लेकर उन्होंने आत्मदाह करने का प्रयास किया। स्थानीय पुलिस द्वारा कुंवर धावरा को अपनी हिरासत में ले लिया गया। कुंवर धावरा हुजूरपुर के रहने वाले हैं ऐसा बताया जा रहा है।



# रासलीला के आठवें दिन हुआ सुदामा चरित्र का मंचन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रासलीला समिति रॉबर्ट्सगंज द्वारा नगर के रामलीला मैदान में आयोजित 11 दिवसीय रासलीला के आठवें दिन कलाकारों ने महारास के साथ भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का नृत्य के माध्यम से बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीला के अंतर्गत बाल्यकाल में सुदामा जी उज्जैन नगरी स्थित शांति वन गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पैर में कांटा गड़ गया। इस पर वे दर्द से चीखने चिल्लाने लगे। उसी रास्ते से होकर भगवान श्रीकृष्ण भी गुरुकुल शिक्षा ग्रहण करने जा रहे थे। सुदामा को मुसीबत में देख उन्होंने उनके पांव से कांटा निकाला और जड़ी बूटी लगाई। इस घटना के बाद दोनों मित्र बन गए।



गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान सुदामा अपना पाठ भूल गए। गुरु द्वारा पूछे जाने के बाद उन्होंने पाठ नहीं सुनाया। इस पर गुरु ने उन्हें जंगल जाकर लकड़ी लाने को कहा। मित्र को मुसीबत में देख भगवान भी अपने याद किए पाठ को भूलने का नाटक कर बैठे। इस पर क्रोधित गुरु ने उन्हें भी सुदामा के साथ जंगल से लकड़ी लाने का आदेश दिया। भूख लगने पर खाने के लिए सुदामा को दो मुट्ठी चने दिए। जंगल में कृष्ण लकड़ियां लाने चले गए। उसी समय सुदामा को भूख लगी और उन्होंने पूरा चना खा लिया। लकड़ी लेकर लौटे कृष्ण ने भूख लगने पर सुदामा से चने मांगे तो सुदामा ने सच सच बता दिया। इस पर भगवान ने उन्हें श्राप दिया कि 'हक पराया खाय के, यही मिलेगी सीख, हो दरिद्री आज से, दर दर मांगे भीख।' पढ़ाई पूरी करने के बाद श्रीकृष्ण मथुरा के राजा बन गए और सुदामा भिखारी। फिर एक समय आया कि सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। देने के लिए कुछ नहीं था तो वे अपने साथ कच्चा चावल ले गए। सुदामा को देख श्रीकृष्ण अति प्रसन्न हुए। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर जब उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। फिर एक समय आया कि सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। देने के लिए कुछ नहीं था तो वे अपने साथ कच्चा चावल ले गए। सुदामा को देख श्रीकृष्ण अति प्रसन्न हुए। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर जब उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। जब वे तीसरी मुट्ठी चावल खाने लगे तो वहां खड़ी रुक्मिणी ने उन्हें रोककर कहा कि तीनों लोक सुदामा को दे देंगे तो स्वयं कहां रहेंगे प्रभु। इस पर श्रीकृष्ण ने अपने हाथ रोक लिए और सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। आठवें दिन के रासलीला का समापन द्वारकाधीश की दिव्य आरती के साथ हुई। इस अवसर पर समति के जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, मनोज सिंह,रामू मिश्र,सत्येंद्र पांडेय,धर्मेश सिंह खरवार, सचिन गुप्ता, धीरज जालान,अशोक श्रीवास्तव,विजय कानोड़िया,संतोष सिंह चंदेल, कमला कांत पांडेय,मिठाई लाल सोनी,शीतल सोनी,गिरीश पांडेय, ब्रजेश शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत,अगर ब्रेकर बन गई होती तो बच सकती थी मजदूर की जान



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया भट्ठी मोड़ हादसों का केंद्र बनता जा रहा हैं, हादसों को रोकने के लिए ग्रामीण लगातार ब्रेकर बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग सिर्फ आश्वासन ही देता रहा हैं और अब तक कोई ब्रेकर नही बन सका। ब्रेकर नही होने के कारण वहाँ पर लगातार दुर्घटना हो रही हैं क्योंकि म्योरपुर की तरफ से आने वाली गाड़ियां तेज गति से दुद्धी की तरफ तथा दुद्धी की तरफ से म्योरपुर की तरफ आती व जाती हैं जहाँ गुलालझरिया,डुमरडीहा, मुरता और लीलासी के तरफ से आने वाले बाइक सवार या वाहन चालक मेन रोड पर निकलते हैं जिससे अधिकांश हादसे होने की संभावना बनी रहती हैं। अभी पिछले सप्ताह वहीं पर दो बाइक सवार दिहाड़ी मजदूर हादसे का शिकार हो गए जिसमें एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना हैं कि यदि संबंधित विभाग उक्त जगह पर ब्रेकर बना देता तो काफ़ी हद तक हादसे रुक सकते हैं क्योंकि ब्रेकर होने पर वाहन चालक वाहनों की गति कम कर देते हैं जिसके कारण दुर्घटना की संभावना कम हो जाती हैं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी हैं कि अगर होली तक संबंधित विभाग द्वारा ब्रेकर नही बनाया जाता हैं तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## वृद्धाश्रम में फासी लगाकर आत्महत्या मामले में जाँच के लिये मजिस्ट्रेट किये गए नामित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र के आदेशानुसार उप जिलाधिकारी मुख्यालय–सोनभद्र प्रदीप कुमार यादव को जाँच हेतु मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। आदेश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी मुख्यालय–सोनभद्र प्रदीप कुमार यादव द्वारा जाँच एवं साक्ष्य संकलन कार्य किया जा रहा है। जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि छपका, राबर्टसगंज, सोनभद्र में संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध रामजियावन पुत्र विक्कन उम्र लगभग 75 वर्ष द्वारा 25 दिसम्बर 2025 को फासी लगाकर आत्महत्या किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा उनके पास कोई साक्ष्य आदि उपलब्ध हो तो दिनांक 05 मार्च 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में उप जिलाधिकारी मुख्यालय–सोनभद्र को कलेक्ट्रेट–कार्यालय पर स्वयं उपस्थित होकर अपना बयान व साक्ष्य आदि प्रस्तुत कर सकते है।

# स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त रूप से प्रथम एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत श्स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमश एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पहले महाविद्यालय परिसर की साफ – सफाई करने के बाद रैली निकालकर स्थानीय बस्ती के रहवासियों दुकानदारों एवं आम जनमानस के साथ स्थानीय साफ–सफाई पर संवाद स्थापित करते हुए उन्हें स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया। आसपास की बस्ती में कूड़ा–प्रबंधन, सीवर व्यवस्था व स्वच्छ जल आपूर्ति एवं अन्य साफ सफाई से संबंधित व्यवस्थाओं को भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने समझा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने वर्तमान व्यवस्था में अपेक्षित सुधार हेतु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों की तरफ से हरसंभव सहयोग का विश्वास दिलाया। रैली में शामिल स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान के दौरान राम–धुन श्रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सन्मति दे भगवानश का गायन कर सभी राहगीर व स्थानीय रहवासियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार सैनी ने किया। डॉ संतोष कुमार सैनी ने अपने सम्बोधन में गांधी जी के स्वच्छता सम्बन्धी विचारों को वर्तमान परिवेश में आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार ने गांधी जी के जीवन दर्शन को धारणीय समाज के निर्माण की नींव बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक यादव ने गंदगी से होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनसे होने वाली हानियो पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संघमित्रा ने अपने आसपास के वातावरण की स्वच्छता के साथ–साथ शारीरिक स्वच्छता पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ विकास कुमार ने सभी शिविरार्थियों को स्वच्छता को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाकर साफ – सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस की छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका का सुंदर चित्रण किया। रैली का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन कुमार, डॉ.आलोक यादव, डॉ. संघमित्रा एवं अंजलि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी अंजलि मिश्रा ने सभी सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। एक दिवसीय शिविर के कार्यक्रम में डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ. विभा पांडेय, डॉ. वैशाली शुक्ला आदि प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## बाइक चालक पर केस दर्ज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीते 13 फरवरी की शाम बीना बस स्टैंड पर बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने बाइक चालक लाल बाबू गुर्जर पर केस दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। बीना क्षेत्र के चंदुआर निवासी मृतक जवाहरलाल भारती की पत्नी प्रमिला देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि ककरी खदान से पति पैदल घर आ रहे थे कि बीना बस स्टैंड के समीप रात लगभग 8रू10 बजे बाइक चालक लाल बाबू गुर्जर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी।बाइक पर एक सहयोगी अखिलेश पनिका भी मौजूद होने की बात पीड़िता नें तहरीर मे कही है।जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें अटल अस्पताल बीना,बैढ़न ट्रामा सेंटर,हीरावती हॉस्पिटल के बाद ट्रामा सेंटर बीएचयू में भर्ती कराया।जहां पांचवें दिन 17 फरवरी को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

## जनसुनवाई सम्भव दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के कम में सोमवार को मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद , की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया।




तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें कमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ–सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। श्री मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# आगरा बनाम बलिया के बीच खेला गया मैच

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ओबरा गांधी मैदान में चल रहे 23वां सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को आगरा बनाम बलिया के बीच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि सीआईएसएफ ओबरा यूनिट के कमांडेंट सतीश कुमार सिंह रहे। उन्होंने दोनों टीमो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। निर्धारित 25–25 ओवरो के मुकाबले में आगरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.4 ओवरो में 131 रन बनाकर सिमट गई। आगरा के सबसे सफल बल्लेबाज शुभम गुप्ता ने 36 गेंद पर 30 रन बनाए वहीं हिमांशु सिंह ने 25 गेंद पर 27 रनों का योगदान दिया। बलिया टीम की ओर से सबसे सफल गेंदबाज बृजेश बिंद ने अपने 5 ओवरो में 16 रन देकर 4 विकेट झटके।वही नवनीत वर्मा ने 3 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में उतरी बलिया की पूरी टीम 128 रनों पर ढेर हो गयी।इस रोमांचक मुकाबले में 3 रनों से आगरा ने बलिया को परास्त कर दिया। बलिया की ओर से सबसे सफल बल्लेबाज आदित्य सिंह ने 55 गेंद पर 42 रनों की पारी खेली। वही प्रशांत तिवारी ने 18 गेंद पर 24 रन बनाए।आगरा की ओर से सबसे सफल गेंदबाज देवरत झा ने 4.5 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट तथा मृत्यंजय ने 5 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट लिए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच अरुण प्रजापति को चुना गया।इस मुकाबले में निर्णायक की भूमिका में रोशन सिंह व सूर्यप्रकाश चौरसिया रहे, लाइव व ऑफ स्कोरिंग की भूमिका में अक्षय पटेल व प्रदीप शर्मा, रहे व तथा उद्घोषक संकट मोचन झा व राजू यादव ने किया। इस दौरान आयोजन सचिव संकट मोचन झा,उपाध्यक्ष राजू यादव, कलीम खान ,अरविंद यादव गप्पू,बृजेश यादव, अवधेश सिंह गुल्लू, नीरज भाटिया, संजय यादव, सोनू राय, प्रदीप कनौजिया बंटू, आशीष राय, फैज़ल खान,रंजीत तिवारी, मुकेश तिवारी,छोटू पासवान, कुमार सौरभ सिंह, अतुल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी बीआरसी परिसर स्थित सभागार में सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई, पहले दिन वेंडर बॉक्स आदि की प्रशिक्षण दी गई जिसके तहत 6 साल के कम उम्र के बच्चो बाल वाटिका के तहत शिक्षण एवं खेल –कूद पर ध्यान दिया जाना प्रस्तावित हैं। प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस दौरान एआरपी उज्ज्वल कुमार मौर्य और योगेन्द्र यादव आगनवाड़ी सुपरवाइजर– रुक्मणि देवी अध्यक्ष रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

## ट्रेलर ट्रक के धक्के से ग्यारहवीं की छात्रा घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रेणुकूट बीजपुर मार्ग पर असनहर गांव में सुबह के अनियंत्रित ट्रेलर ट्रक के चपेट में आने से 17 वर्षीय छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल को पीआरबी पुलिस ने एम्बुलेंस के पहले लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेणुकूट बीजपुर मार्ग पर सोमवार की सुबह ट्रेलर ट्रक की चपेट में आने से ग्यारहवी की छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गयी। छात्रा जनता इण्टर कालेज की छात्रा बताती गयी। छात्रा घर से विद्यालय के लिए निकली थी की अचानक घर के पास से ट्रेलर ट्रक की चपेट में आकर सड़क पर गिर गई। ट्रेलर ट्रक मौके से फरार हो गया बाद में पुलिस ने वाहन को पकड़ा लिया ।घायल 17 वर्षीय प्रिया पुत्री धीरज निवासी असनहर को घायल अवस्था में 112 पुलिस ने अपने वाहन में लाद कर अस्पताल पहुंचाया। छात्रा के पैर में गम्भीर चोट होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दिन्नु प्रसाद यादव ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वाहन को पकड लिया गया है।

## अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री पद पर एक-एक समेत कुल 9 प्रत्याशियों ने लिया पर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन डीबीए सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2025–26 के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई। पहले दिन अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए एक–एक सहित कुल 9 प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र लिया। 24 फरवरी को भी पर्चा मिलेगा और प्रत्याशी अपना पर्चा भी दाखिल करेंगे। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सत्यप्रकाश सिंह एडवोकेट ने पर्चा लिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बिंदु यादव एडवोकेट एवं महामंत्री पद के लिए राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने पर्चा लिया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष देव पांडेय एडवोकट ने भी नामांकन पत्र लिया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य कनिष्ठ के लिए चंद्रकला गिरी एडवोकेट, सुमन एडवोकेट, मार्तंड प्रताप सिंह एडवोकेट एवं रमन कुमार एडवोकेट ने नामांकन पत्र लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि नामांकन पत्र विक्रय की अंतिम तिथि 24 फ़रवरी 2026 दिन मंगलवार निर्धारित है। जबकि प्रत्याशी 24 फ़रवरी को अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर सकेंगे। बता दें कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है, जिससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव में सहयोग के लिए प्रदीप कुमार मौर्य एड, पवन कुमार सिंह एड, चंद्रप्रकाश सिंह एड, शांति वर्मा एड एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह कुशवाहा एड व राजकुमार सिंह पटेल एड मौजूद रहे।




## संत गाडगे महाराज जी की जयंती पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रावटसगंज नगर स्थित चाचा नेहरू पार्क मे सोमवार को संत गाडगे महाराज जी की जयंती अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष सरजू बैसवार के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम आयोजन भाजपा नगर मंत्री आलोक रावत के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष सरजू बैसवार ने बताया कि संत गाडगे महाराज जी एक महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए काम किया और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महाराज जी के जीवन और कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महाराज जी के जीवन और उनके कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर शाहगंज मंडल अध्यक्ष यशवंत कोल, चुर्क मंडल अध्यक्ष मोहन राम, प्रदीप , धन कुमारी, बृजेश, कमलेश, सुनील, परमानंद, राजन, अजय आदि लोग मौजूद रहें। पूरे कार्यक्रम का संचालन कर रहे अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री पन्नालाल पासवान ने अंत मे सभी का आभार प्रगट कर कार्यक्रम समापन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महाराज जी के जीवन और उनके कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत गाडगे महाराज जी के जीवन और उनके कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## सपा कार्यालय पर संत गाडगे जी की मनाई गयी जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। संत गाडगे महाराज जी की जयंती समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मनाई गई एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शत–शत नमन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि संत गाडगे महाराज का पूरा नाम देबूजी जिगराजी जनोकर था । गाडगे महाराज वैज्ञानिक .ष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे । उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों की सेवा में लगा दिया । उनका कीर्तन लोकज्ञान का अंग था । वह हमेशा कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करते थे । गाडगे बाबा ने समाज को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए स्वच्छता और चारित्रिक शिक्षा देते थे । वह हमेशा हर समाज के गरीबों का मदद करते थे । संत गाडगे महाराज के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी ने आज सड़क से सदन तक गरीबों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं और हर गरीबों का अपने स्तर से मदद करने का काम कर रहे हैं । यदि गरीबों का कोई मसीहा है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव है। संगोष्ठी को संबोधित करने वाले में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान अशोक पटेल सरदार पारब्रह्म सिंह हिदायत उल्ला खान डॉक्टर के डी सिंह पटेल विष्णु कुशवाहा अभय यादव अभिनव पांडे दयाराम मौर्य राजनाथ यादव मिथिलेश कुमार सिंह बचोले प्रसाद पटेल रमेश कुमार विश्वकर्मा राजेश कुमार विश्वकर्मा विनीत सरोज विनोद यादव दीपक केसरी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।




## शक्तिनगर परिक्षेत्र मे धूल भरी आंधी बारिश के साथ पड़े ओले

दैनिक बुद्ध का संदेश


सोनभद्र। शक्तिनगर परिक्षेत्र मे लगभग चार बजे धूल भरी आंधी से जन जीवन अस्त व्यस्त हों गया। अचानक मौसम बदलने से जहाँ लोगों को राहत मिली। वही जगह जगह पेड़ गिरने से क्षति भी हुई है। शक्तिनगर खड़िया के साथ बीना मे भी बारिश के साथ ओले भी जमकर पड़े। वही कुछ समय के लिए क्षेत्र की बिजली भी बाधित रहा।घरों मे लगे सीट भी लोगों के क्षतिग्रस्त हुए। लोगों नें ओले का वीडियो बनाकर सोशल मिडिया पर शेयर किया। लोगों नें बताया की बहुत दिनों बाद ऐसे ओले पड़े है।वही गेहूं की फसल नुकसान होने की भी बात ग्रामीणों नें कही है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## अनिल कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म सूबेदार का धमाकेदार टीजर रिलीज, 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर होगा प्रीमियर




प्राइम वीडियो ने अपनी आने वाली प्राइम ऑरिजिनल एक्शन–ड्रामा मूवी सूबेदार के वर्ल्डवाइड प्रीमियर की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 5 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है। सुरेश त्रिवेणी ने फिल्म सूबेदार का निर्देशन किया हैं और इसे विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी ने साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

ओपनिंग इमेज फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के साथ मिलकर तैयार की गई ये फिल्म बेहद दमदार और जज्बातों से भरी एक्शन–ड्रामा है। सूबेदार की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्वल चंद्रशेखर ने लिखी है जिसमें अनिल कपूर और राधिका मदान मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैजल मलिक और मोना सिंह ने भी अहम किरदार निभाए हैं। सूबेदार फिल्म में एक रिटायर्ड फौजी, सूबेदार अर्जुन मौर्या की जिंदगी के उतार–चढ़ाव भरे सफर को दिखाया गया है, जो आज की बदलती दुनिया में सुकून पाने की तलाश में है, जहाँ उसके उन उसूलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसके सहारे उसने जिंदगी बिताई है। फिल्म में अनिल कपूर ने जबरदस्त अभिनय किया है, जो अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं, साथ ही अपने बिखरे हुए परिवार को जोड़ने की कोशिश करते हुए हमेशा सही का साथ देते हैं। भारत का हृदयस्थल में बसी, इस फिल्म में समाज के गिरते स्तर के बीच सम्मान तलाशने की दमदार कहानी को बड़ी संजीदगी से पर्दे पर दिखाया गया है।

प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और ऑरिजिनल्स के हेड, निखिल मधोक ने कहा, सूबेदार एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होने के साथ–साथ बाप–बेटी की दिल को छू लेने वाली कहानी भी है। इस फिल्म में अनिल कपूर का अभिनय शानदार है, जो एक एक्शन हीरो के तौर पर शुरू से ही दर्शकों का दिल जीत लेंगे। सुरेश त्रिवेणी, अनिल कपूर, विक्रम मल्होत्रा और सूबेदार की पूरी टीम के साथ मिलकर काम करना हमारे लिए गौरव की बात है।

प्रोड्यूसर विक्रम मल्होत्रा ने बताया, सूबेदार सही मायने में जबरदस्त फिल्म है, और इस तरह के मुख्य किरदार को शायद दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा, जो देश सेवा, अनुशासन और बलिदान की मूरत है। शुरुआत से ही, मुझे यह कहानी पसंद आई, जो धमाकेदार होने के साथ–साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है। रिश्तों को करीब से दिखाने वाली इस फिल्म का सिनेमाई स्तर भी अव्वल दर्जे का है।

## मेगास्टार चिरंजीवी की विश्वम्भरा सबसे ज़्यादा बजट वाली फिल्म

विश्वम्भरा चिरंजीवी की सबसे महंगी फिल्म बन गई है, जिसका बजट 250 करोड़ से ज़्यादा है, जिससे यह एक ऐसी रिलीज बन गई है जिसका बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का शुरुआती बजट



150 – 200 करोड़ था, जिसमें अकेले चिरंजीवी का मेहनताना लगभग 75 करोड़ था। बजट में बढ़ोतरी की वजह देरी और बड़े पैमाने पर सीजी रीवर्क है, जो फिल्म के बड़े स्केल और शानदार विजुअल्स को दिखाता है।

फिल्म की रिलीज डेट अभी ऑफिशियली अनाउंस नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री की चर्चा है कि यह जुलाई में रिलीज होगी। बड़े इन्वेस्टमेंट को रिकवर करने के लिए, विश्वम्भरा को अच्छा बिजनेस करने और बड़ी डिस्ट्रीब्यूशन डील्स करने की जरूरत है। आने वाले प्रमोशनल कंटेंट से उम्मीद है कि फिल्म का बड़ा स्केल दिखाया जाएगा, जिससे ऑडियंस इम्प्रेस होगी।

विश्वम्भरा एक सोशियो फैंटेसी ड्रामा फिल्म है जिसे वशिष्ठ ने डायरेक्ट किया है, जिसमें चिरंजीवी, त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ हैं। म्यूजिक एमएम कीरवानी ने दिया है, और सिनेमैटोग्राफी छोटा के नायडू ने की है। फिल्म का वीएफएक्स बजट खबर है कि 75 करोड़ है, जिसमें पोस्ट प्रोडक्शन क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेशनल आर्टिस्ट को लाया गया है। इतनी ज़्यादा उम्मीदों के साथ, विश्वम्भरा को अपने बड़े इन्वेस्टमेंट को रिकवर करने के लिए चिरंजीवी की लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर, माना शंकर वर प्रसाद गारू से भी बेहतर परफॉर्म करना होगा। फिल्म की सफलता इसके रिकॉर्ड तोड़ने वाले बजट को सही ठहराने के लिए जरूरी है।


## वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुईं नजर आती हैं। अभिनेत्री



दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया है। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल–अंग्रेजी फिल्म हिलेरियस गार्ड्स सांगा का भी हिस्सा होंगी। अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है। आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी–द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।

# निखिल सिद्धार्थ अभिनीत पैन-इंडिया ऐतिहासिक महाकाव्य स्वयंभू का दमदार टीजर जारी




निखिल सिद्धार्थ अपने करियर के सबसे बड़े चौप्टर में स्वयंभू के साथ कदम रख रहे हैं। यह एक बड़ी पैन–वर्ल्ड फिल्म है जिसे भरत कृष्णमाचारी ने डायरेक्ट किया है और पिक्सल स्टूडियोज के भुवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है, जिसे टैगोर मधु प्रेजेंट कर रहे हैं। एक एपिक पीरियड एक्शन सागा के तौर पर सोची गई यह फिल्म बड़े लेवल पर, हाई–वोल्टेज ड्रामा और निखिल के एक जबरदस्त, पहले कभी न देखे गए अवतार का वादा करती है। मेकर्स ने एक दमदार टीजर के साथ प्रमोशन शुरू कर दिया है।


टीजर सेंगोल की पौराणिक कथाओं के साथ टोन सेट करता है – भगवान शिव द्वारा श्री राम को दिया गया दिव्य राजदंड। यहाँ तक कि इस पवित्र प्रतीक को भी वनवास का सामना करना पड़ता है, इसे वापस पाने के लिए क्रूर युद्ध छिड़ जाते हैं। राज्य गिर सकते हैं, लेकिन सेंगोल अजेय रहता है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर नायक एक निडर योद्धा के रूप में उभरता है जो केवल ताकत पर नहीं, बल्कि अटूट वीरता पर भरोसा करता है। धर्म के पुनरुत्थान के लिए युद्ध उसकी नियति बन जाता है।

डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी सेंगोल की प्राचीन उत्पत्ति की खोज करके इतिहास के एक कम ज्ञात अध्याय को खोदते हैं। वह भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं को 985 एडी की पृष्ठभूमि में एक मनोरंजक युद्ध महाकाव्य में मिलाते हैं। उनकी बारीक डिटेलिंग, पैमाना और दुनिया–निर्माण हर फ्रेम में चमकता है।

निखिल सिद्धार्थ अपने अब तक के सबसे क्रूर और आधिकारिक अवतार में दिखाई देते हैं। लंबे योद्धा बाल, घुंघराले मूंछें, खुरदरी दाढ़ी और तराशी हुई काया के साथ, वह एक युद्ध–प्रशिक्षित नायक की भूमिका में फिट बैठते हैं। टीजर में उन्हें जबरदस्त लड़ाई में दिखाया गया है, जिसमें वे रॉ फिजिकल और स्क्रीन प्रेजेंस के साथ खतरनाक स्टंट करते हैं। संयुक्ता और नाभा नतेश पारंपरिक महिला रोल से हटकर, मजबूत और असरदार किरदारों में दिख रही हैं। टीजर में सुब्बाराजू, सुनील और दूसरों की झलक भी दिखती है – हर कोई कहानी के लिए बहुत जरूरी लगता है। टेक्निकली, फिल्म एक बड़े कैनवस पर बनी है। प्रोडक्शन डिजाइनर एम प्रभाहरन और रवींद्र ने राजाओं के असली दौर को फिर से बनाया है, जबकि केके सेंथिल कुमार की सिनेमैटोग्राफी जबरदस्त विजुअल वजन देती है। हर फ्रेम में स्केल और असलीपन झलकता है। रवि बसरूर का बैकग्राउंड स्कोर ड्रामा को और बढ़ाता है, और टॉप इंडियन स्टूडियोज द्वारा हैंडल किया गया वीएफएक्स, हॉलीवुड स्टैंडर्ड तक पहुँचता है। विजय कामिसेट्टी के डायलॉग दमदार हैं, जबकि किंग सोलोमन और स्टन शिवा की एक्शन कोरियोग्राफी, तम्मीराजू की कसी हुई एडिटिंग के साथ मिलकर, फिल्म को इंटरनेशनल एक्शन बेंचमार्क तक ले जाती है। प्रोडक्शन वैल्यूज बिना किसी शक के टॉप–टियर हैं।

कुल मिलाकर, स्वयंभू का टीजर उम्मीदों को काफी बढ़ा देता है। इसे हैदराबाद में प्रसाद के पीसीएक्स थिएटर में 3डी फॉर्मेट में दिखाया गया था, और जिन्होंने इसे देखा, वे इसकी शानदार विजुअल्स, गहरी गहराई और जबरदस्त स्केल देखकर हैरान रह गए। मेकर्स के गर्मियों में रिलीज की ऑफिशियली पुष्टि करने के साथ, अब उत्साह चरम पर पहुँच गया है। जैसे–जैसे हर नए खुलासे के साथ चर्चा बढ़ती है, दर्शक एक जबरदस्त सिनेमाई मैग्नम ओपस देखने के लिए तैयार हो सकते हैंकृएक ऐसी फिल्म जो पीरियड एक्शन जॉनर को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, चीनी, स्पेनिश और अरबी भाषाओं में पैन वर्ल्ड रिलीज के लिए तैयार है।

## रोजाना 5 मिनट का ध्यान जीवन को बनाता है बेहतर, इस तरह करें दिनचर्या में शामिल



ध्यान एक ऐसा अभ्यास है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना केवल 5 मिनट का ध्यान करते हैं तो इससे आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। यह न केवल आपको तनाव मुक्त करता है, बल्कि आपके मन को भी शांत करता है और आपको अधिक केंद्रित रहने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि कैसे 5 मिनट का ध्यान आपके जीवन को बेहतर बना सकता है।

ध्यान लगाने से करें सुबह की शुरुआत

सुबह का समय सबसे अधिक सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। जब आप सुबह उठते हैं तो आपका मन शांत और ताजगी से भरा होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करना आपके दिन की शुरुआत को बेहतर बना सकता है। यह आपको पूरे दिन ऊर्जा और उत्साह से भर रख सकता है। इसके अलावा यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित और सकारात्मक महसूस करवाता है।

खाने के दौरान लगाएं ध्यान

खाने का समय भी ध्यान लगाने का एक अच्छा अवसर हो सकता है। जब आप खाना खा रहे हों तो हर निवाले को ध्यानपूर्वक चखें और उसका आनंद लें। इससे न केवल आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि आप अधिक संतुष्ट भी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको अपने भोजन के प्रति जागरूक बनाता है और खाने की आदतों को सुधारने में मदद करता है। इससे आप अधिक संतुलित और सेहतमंद भोजन का अनुभव कर पाएंगे।

चलने के दौरान लगाएं ध्यान

चलना एक प्राकृतिक गतिविधि है, जिसे हम सभी करते हैं। अगर आप चलते समय 5 मिनट का ध्यान लगाते हैं तो यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित बना सकता है। आप अपने कदमों पर ध्यान दें, सांसों की आवाज सुनें और अपने आस=पास की प्रकृति का आनंद लें। इससे न केवल आपका मन शांत होगा, बल्कि आप अधिक ऊर्जा और उत्साह से भरपूर महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखेगा।

सोने से पहले लगाएं ध्यान

सोने से पहले का समय भी बहुत अहम होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करने से आपका मन शांत हो सकता है और नींद जल्दी आ सकती है। आप अपने दिनभर के अनुभवों पर विचार करें, सकारात्मक सोचें और नकारात्मक विचारों को दूर करें। इससे आपकी नींद गहरी होगी और आप सुबह ताजगी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक शांति और शारीरिक आराम प्रदान करेगा, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

काम करने के दौरान लगाएं ध्यान

काम करते समय भी छोटे–छोटे ब्रेक लेकर आप ध्यान लगा सकते हैं। जब भी आपको लगे कि आप थक रहे हैं या आपका ध्यान भटक रहा है, थोड़ी देर रुके, गहरी सांस लें और अपने मन को स्थिर करें। इससे आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आप अधिक केंद्रित रहेंगे। इन सरल तरीकों से आप अपने रोजमर्रा के जीवन में आसानी से ध्यान को शामिल कर सकते हैं और इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकते हैं।